RNI. MPHIN/2016/68439

दैनिक
# मेल पॉवर

वर्ष- 10 | अंक-71 | भोपाल, शुक्रवार 8 अगस्त 2025 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित

"दीनता उस मानसिक दुर्बलता को कहते हैं जो मनुष्य को दूसरे की दया पर जीने का प्रलोभन देती है।"
हजारीप्रसाद द्विवेदी


पेज 4

## न्यूज़. ब्रीफ

### सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लगा दी फटकार

**नई दिल्ली।** भारतीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष लगातार कहता रहा है कि ईडी बदले की भावना से कार्य कर रहा है। अब विरोधी दलों की इसी मंशा के अनुरुप सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई के दौरान ईडी से तीखा सवाल किया है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की कार्यशैली और दोषी ठहराने को लेकर सवाल खड़ा किया है। सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के दौरान कहा, आप उन आरोपियों को भी सालों तक जेल में रखने में सफल रहे हैं, जिन्हें अदालतों ने दोषी नहीं ठहराया। यह तीखा सवाल चीफ जस्टिस बीआर गवई की विशेष पीठ ने उठाया है। यह सुनवाई उस फैसले से जुड़ी थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने 2 मई को भूषण पावर एंड स्टील को बंद करने का आदेश दिया था और जेएसडब्ल्यू स्टील की खरीदने की योजना को खारिज किया था। इस फैसले पर पुनर्विचार की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ईडी की भूमिका पर गंभीर सवाल उठे।

### पति बना साधु और कर दी पत्नी की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नेब सराय इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने साधु के वेश में आकर अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। यह कपल पिछले 10 सालों से अलग रह रहा था। पुलिस के मुताबिक, 60 वर्षीय प्रमोद झा उर्फ पप्पू बिहार के मुंगेर से साधु बनकर अपनी पत्नी किरण झा के घर आया था। 1 अगस्त को दिल्ली आने के बाद, आरोपी ने अपनी 50 साल की पत्नी पर हथौड़े से हमला कर दिया। इस घटना को एक पूर्व नियोजित हमला बताया जा रहा है। बताया गया है कि किरण पिछले 10 सालों से घरेलू हिंसा की वजह से प्रमोद से अलग रह रही थी। वह अपने बेटे, बहू और पोती के साथ दिल्ली में रहती थीं। प्रमोद के पास आय का कोई स्थिर साधन नहीं था और उसने अपनी पुश्तैनी संपत्ति भी बेच दी थी।

### कोलकाता चिड़ियाघर से सैकड़ों जानवर गायब

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल वन विभाग को कोलकाता चिड़ियाघर की एनुअल सूची में विसंगति की जांच रिपोर्ट मिली है और विभाग निष्कर्षों का विश्लेषण कर रहा है। सूची में पंजीकृत जानवरों की संख्या 672 की जगह 321 थी। इससे सवाल उठ रहा है कि बाकी के जानवर कहां गए? एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। मामला सामने आने के बाद अन्य घटनाक्रम में चिड़ियाघर निदेशक अरुण मुखर्जी का तबादला कर दिया गया है। हालांकि अधिकारियों ने दावा किया कि यह स्थानांतरण नियमित था। बता दें वन विभाग ने पिछले महीने 2023-24 और 2024-25 के दौरान कोलकाता के 149 साल पुराने अलीपुर जूलॉजिकल गार्डन की जानवरों की सूची रिपोर्ट में एक बड़ी विसंगति के बारे में मीडिया रिपोर्टों की जांच का आदेश दिया था। मुख्य वन्यजीव वार्डन एस सुंदरियाल ने बताया कि हमें रिपोर्ट मिल गई है जिसका विश्लेषण किया जा रहा है।

उज्जवला योजना में 28 लाख से अधिक बहनों को 43.90 करोड़ सहायता राशि का अंतरण

# भाई-बहन के अमिट रिश्ते का प्रतीक है रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- मुख्यमंत्री ने दिया लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन का शगुन
- राज्य सरकार बहनों के कल्याण के लिए निरंतर है सक्रिय
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरसिंहगढ़ में बहनों के साथ मनाया रक्षाबंधन
- अब तक लाड़ली बहनों को वितरित हुये 41 हजार करोड़ रुपए
- प्रत्येक लाड़ली बहना को 250 रुपए राखी का शगुन मिलाकर मिले 1500 रूपए

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के अमिट रिश्ते का प्रतीक है, जो सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करता है। रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं, बल्कि नारी गरिमा और सामाजिक सुरक्षा का भी संदेश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति की विशेषता है कि हर रिश्ता परिभाषित और पूज्यनीय होता है। उन्होंने द्रौपदी और श्रीकृष्ण की रक्षाबंधन कथा का उल्लेख करते हुए इसे भाई-बहन के रिश्ते की शक्ति का प्रतीक बताया, जहाँ श्रीकृष्ण ने जीवनभर द्रौपदी की रक्षा का संकल्प निभाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि



मध्यप्रदेश सरकार बहनों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिये निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के राज्य-स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1 करोड़ 26 लाख 89 हजार लाड़ली बहनों के खातों में 1,859 करोड़ रुपए अंतरित किये।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया आकांक्षा हॉट का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर नीति आयोग के संपूर्णतः अभियान के अंतर्गत आयोजित विशेष आयोजन आकांक्षा हॉट का शुभारंभ किया। यह आयोजन 07 अगस्त से 10 अगस्त तक चलेगा, जिसमें जिले की स्थानीय प्रतिभाओं और उत्पादों को एक नया मंच प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, खाद्य उत्पादों और अन्य सामग्रियों का अवलोकन कर सराहना की।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बहनों ने बाँधी राखी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बहनों ने स्नेहपूर्वक राखी बाँधी और धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारे भैया डॉ. मोहन ने सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं दी, बल्कि हमारे रिश्ते को मान-सम्मान और आत्मीयता से भर दिया है।ह्व कार्यक्रम में लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री को वृहद राखी भी भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहनों को झूला भी झुलाया। सांसद श्री रोडमल नागर एवं विधायक नरसिंहगढ़ श्री मोहन शर्मा ने भी संबोधित किया।

संसद का मानसून सत्र

## 14वें दिन भी विपक्ष का जोरदार हंगामा, लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित

एसआईआर को लेकर खत्म नहीं हो रहा रार



**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का 14वां दिन विपक्षी हंगामे की भेंट चढ़ गया। बिहार एसआईआर (स्पेशल इंवेस्टिगेशन रिपोर्ट) को लेकर विपक्षी दलों के तीखे विरोध और नारेबाजी के चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ गई। इंडिया गठबंधन के सांसदों ने संसद में जोरदार प्रदर्शन करते हुए एसआईआर पर चर्चा की मांग की। विपक्ष का आरोप है कि बिहार में सामने आई रिपोर्ट में गंभीर संवैधानिक और सामाजिक सवाल उठे हैं, जिन पर संसद में चर्चा अनिवार्य है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह को पत्र लिखकर इस विषय पर चर्चा कराने की मांग की थी। वहीं, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जवाब में कहा कि कोर्ट में लंबित मामलों पर संसद में चर्चा नहीं हो सकती, इसलिए नियमों के तहत एसआईआर पर बहस की अनुमति नहीं दी जा सकती है। हंगामे के चलते कार्यवाही बाधित रही जिस कारण लोकसभा में आज प्रस्तावित दो अहम विधेयकों नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) बिल, 2025 को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने पर फैसला नहीं हो सका।

## हिमाचल प्रदेश में मानसून की तबाही: कुफरी में कोरोना काल जैसे हालात

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में इस साल मॉनसून की भारी बारिश ने काफी तबाही मचाई है, इससे पर्यटन कारोबार को बड़ा नुकसान हुआ है। शिमला, मनाली और अन्य पर्यटक स्थलों में पर्यटकों की संख्या लगभग न के बराबर हो गई है। आलम ये है कि कुफरी जैसे प्रसिद्ध पर्यटक स्थल में भी दुकानों पर ताले लटके हैं और चारों तरफ सन्नाटा पसरा हुआ है, इससे स्थानीय कारोबारियों को कोरोना काल जैसे हालात की याद आ गई है। घोड़े चलाने वाले बिशन सिंह जैसे कई स्थानीय लोगों की आजीविका पर संकट आ गया है, क्योंकि पिछले डेढ़ महीने से उनकी कमाई ठप है। उनका कहना है कि घोड़े का खर्च और घर चलाना मुश्किल हो गया है। टैक्सी ड्राइवर राजीव कुमार और दुकानदार सुरजीत सिंह जैसे लोगों के लिए तो दिहाड़ी और दुकान का किराया निकालना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि



कुल्लू और मंडी जैसे जिलों में हुई तबाही के वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो रहे हैं। कई बार शिमला का नाम लेकर भी खबरें चलाई जा रही हैं, जिससे पर्यटकों में डर फैल रहा है। हालांकि, शिमला के पर्यटन स्थलों को कोई खास नुकसान नहीं हुआ है। पर्यटन हिमाचल की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा है, जो राज्य की जीडीपी में 7 प्रतिशत से ज्यादा का योगदान देता है और लाखों लोगों को रोजगार देता है। लेकिन पिछले दो महीनों से पर्यटन की डिमांड लगभग शून्य हो गई है, जिससे किसानों और बागवानों पर भी असर पड़ रहा है, क्योंकि होटल और ढाबों से सब्जियों और सेब की मांग कम हो गई है।

## राहुल गांधी बनाम चुनाव आयोग, उनके आरोपों को शपथ पत्र पर साइन करने की चुनौती दी

आरोप गलत साबित हुए तब कानूनी कार्रवाई की जाएगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को चुनाव आयोग पर वोट चोरी में शामिल होने का आरोप लगाकर बड़ी सियासी हलचल मचा दी है। राहुल गांधी ने कहा है कि कर्नाटक की वोटर लिस्ट में एक लाख से अधिक वोटों की चोरी हुई है और चुनाच आयोग बीजेपी के साथ मिलीभगत में धांधली का हिस्सा रहा है। राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उनके आरोपों को शपथ पत्र पर साइन करने की चुनौती दी है। आयोग ने दो टूक कहा हैं कि अगर ये आरोप किसी भी स्थिति में गलत साबित होते हैं, तब उनपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राहुल गांधी के प्रेसवार्ता में किए गए दावों को लेकर एक पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोपों



का जिक्र कर शपथ पत्र पर दस्तखत करने को कहा है। कर्नाटक के सीईओ के पत्र में लिखा है, यह ज्ञात है कि आज आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान आपने मतदाता सूची में अपात्र मतदाताओं को शामिल करने और पात्र मतदाताओं को बाहर करने का जिक्र किया था। आपसे अनुरोध है कि आप मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 20(3)(बी) के तहत शपथ पर हस्ताक्षर करके इसतरह के मतदाताओं के नाम के साथ वापस भेजें ताकि आवश्यक कार्यवाही शुरू की जा सके। आयोग के इस दावे के बाद साफ हो गया हैं कि आयोग इस बार राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी से सीधा सवाल-जबाव करना चाहता है।

इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में गुजरात की उपलब्धि दर्ज की गई

## गुजरात की 53 हजार आँगनबाड़ियों की बहनों ने सीमा पर तैनात जवानों को भेजी 3.50 लाख राखियां

मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमाणपत्र-अवॉर्ड प्रस्तुत किए गए

**गांधीनगर।** देश की सीमाओं की दिन-रात तत्परता से सुरक्षा करने वाले सेना के जवानों की रक्षा के लिए रक्षाबंधन के अवसर पर गुजरात की बहनों द्वारा रक्षा के प्रतीक के रूप में साढ़े तीन लाख राखियाँ तैयार की गई हैं और ये राखियाँ इन कर्तव्य परायण जवानों को भेजी गई हैं। राज्य की लगभग 53 हजार आँगनबाड़ियों की बहनों ने सरहद के संतरियों यानी सेना के जवानों की रक्षा के लिए ये राखियाँ भाई-बहन के पवित्र प्रेम के प्रतीक के रूप में तैयार की हैं। गुरुवार को गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की प्रेरक उपस्थिति में यह रक्षासूत्र कलश सीमावर्ती बलों के जवानों को प्रतीक के रूप में सौंपा गया। गुजरात की इस पहल को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में स्थान मिला है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के प्रतिनिधियों ने इससे संबंधित सर्टिफिकेट तथा मेडल मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए। सीमा पर तैनात जो जवान अपने परिवार से दूर रहकर मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित हैं, उनकी सदैव रक्षा की भावना के साथ महिला एवं बाल कल्याण मंत्री भानुबेन बाबरिया की प्रेरणा तथा मार्गदर्शन में आँगनबाड़ी बहनों ने श्रावण माह की पूर्णिमा-रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में



ये राखियाँ तैयार की हैं। भानुबेन बाबरिया ने इस अवसर पर कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले और अपने घर-परिवार से दूर रहने वाले सेना के जवानों की रक्षा के लिए बहनों ने यह रक्षासूत्र बनाया है। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाकर देश की बहनों के सिंदूर की रक्षा की है। गुजरात की बहनों ने ऐसे वीर जवानों की रक्षा का कवच राखियों के जरिये प्रदान कर भाई-बहन के प्रेम के त्योहार को राष्ट्रभक्तिमय बनाया है। सेना (आर्मी), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) तथा राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के गांधीनगर स्थित जवानों ने इस रक्षासूत्र कलश को सहर्ष स्वीकार किया।

# क्या ट्रंप का टैरिफ वार, भारत और चीन को करीब आने पर कर रहा मजबूर

7 साल बाद चीन जाएंगें पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के लिए चीन दौरे पर जा रहे हैं। उनकी यह यात्रा वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए जापान की यात्रा के साथ होगी। यदि यह यात्रा होती है, तब यह 2018 के बाद और पूर्वी लद्दाख सीमा गतिरोध के बाद पीएम मोदी की पहली चीन यात्रा होगी। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी ने अक्टूबर 2024 में कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी। शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन 10 देशों का यूरेशियन सुरक्षा और राजनीतिक समूह है। चीन, रूस, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान,



पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस इसके सदस्य हैं। अक्टूबर 2024 की बैठक के दौरान पीएम मोदी ने चीनी राष्ट्रपति से कहा था कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना उनकी प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए।


### जून में बनी थी वार्ता के लिए सहमति

इस वर्ष जून माह के प्रारंभ में, भारत और चीन ने ट्रेड और आर्थिक के क्षेत्र में चिंता के विशिष्ट मुद्दों को हल करने के लिए वार्ता करने पर सहमति जाहिर की थी। क्योंकि वे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के लद्दाख क्षेत्र में सैन्य गतिरोध की समाप्ति के बाद द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और पुनर्निर्माण करने के लिए काम कर रहे थे। यह निर्णय विदेश सचिव विक्रम मिस्री और चीनी उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग के बीच नई दिल्ली में हुई बैठक के बाद लिया गया।

## भारत ने रुस से इस दुर्लभ खनिज को लेकर कर डाली डील, ट्रंप के जले पर नमक छिड़का

अमेरिका के दबाव को किया दरकिनार

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाया है। इस कदम का मकसद रूस को आर्थिक रूप से कमजोर करना और यूक्रेन युद्ध पर दबाव डालना था। हालाँकि, भारत ने पीछे हटने के बजाय एक रणनीतिक कदम उठाकर रूस के साथ औद्योगिक सहयोग के लिए एक नया समझौता किया। इस समझौते के तहत, दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी हुई, जिसमें सबसे खास है दुर्लभ पृथ्वी धातुओं और महत्वपूर्ण खनिजों का खनन शामिल है। इन धातुओं का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों, मोबाइल फोन और अन्य हाई-टेक उपकरणों में



होता है, और अभी तक चीन का इन पर एकाधिकार रहा है। भारत और रूस के प्रतिनिधियों, डीपीआईआईटी सेक्रेटरी अमरदीप सिंह भाटिया और रूस के डिप्टी मिनिस्टर अलेक्सी ग्रुजदेव, के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें दुर्लभ पृथ्वी और महत्वपूर्ण खनिजों का खनन शामिल है। यह साझेदारी भारत को चीन पर अपनी निर्भरता कम करने में मदद कर सकती है। अंडरग्राउंड कोल गैसीफिकेशन के तहत कोयले से ऊर्जा निकालने की तकनीक में सहयोग। छोटे एयरक्राफ्ट इंजन और विंड टनल जैसी सुविधाओं के विकास पर काम करना। कार्बन फाइबर, 3डी प्रिंटिंग और एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग करना है। इतना ही नहीं उर्वरक, रेलवे परिवहन और खनन मशीनरी के लिए तकनीक का आदान-प्रदान करना शामिल है। अन्य क्षेत्र में वेस्ट मैनेजमेंट और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग पर सहमति बनी। इस बैठक में करीब 80 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और अंत में एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए, जो दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने का वादा करता है।

## सीएम मान को जान से मारने की धमकी, पन्नू ने फिर दिया भडकाऊ बयान

**अमृतसर।** स्वतंत्रता दिवस से पहले पंजाब में खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर भड़काऊ बयान दे दिया है। इसी के साथ सीएम भगवंत मान को हत्या की धमकी दी गई, जिससे राज्य में हलचल मच गई है। दरअसल पन्नू ने एक वीडियो जारी कर फरीदकोट में मुख्यमंत्री को निशाना बनाने की चेतावनी दी है, साथ ही खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को हवा देने की कोशिश की है। 15 अगस्त को भगवंत मान निशाने पर रहोगे, यह सीधा संदेश वीडियो में पन्नू ने दिया। उसने कहा है, कि फरीदकोट में तिरंगा फहराने का विरोध करेंगे, खालिस्तान का झंडा लहराओ। हिंदू समाज को चेतावनी देते हुए कहा गया, कि यदि वे खालिस्तान का समर्थन नहीं करेंगे, तो खालिस्तान बनने पर हिसाब लिया जाएगा। पंजाब सरकार की लैंड पूलिंग पॉलिसी को लेकर लोगों को उकसाने की भी कोशिश की। तीन जगहों पर लिखे खालिस्तानी नारे पन्नू ने दावा किया है, कि अमृतसर बस स्टैंड के पास एक मंदिर, खालसा कॉलेज की दीवार और जिला कोर्ट परिसर में एसएफजे जिंदाबाद, भगवंत मान मुदार्बाद, और खालिस्तान जैसे नारे लिखवाए गए हैं। इस पर मंदिर के पुजारी जतिंदर अरोड़ा ने पुष्टि करते हुए बताया कि सुबह मंदिर की दीवार पर नारे पाए गए थे। मंदिर समिति ने पुलिस को तुरंत सूचित किया और दीवारों को फिर से पेंट करवा दिया गया है।

निर्वाचन आयोग | मतदाताओं से सीधे 5,015 दावे और आपत्तियाँ मिली

## एसआईआर मसौदे पर राजनीतिक दल द्वारा एक भी दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं

भारत निर्वाचन आयोग ने दिया बयान

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने कहा कि बिहार मतदाता सूची के मसौदे के संबंध में किसी भी राजनीतिक दल द्वारा एक भी दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई है। चुनाव आयोग ने दो टूक कहा कि बिहार की अंतिम मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाता को न छोड़ा जाएगा और न ही किसी अपात्र मतदाता को शामिल किया जाएगा। चुनाव आयोग ने 1 अगस्त को प्रकाशित बिहार की मतदाता सूची के मसौदे में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए दावे और आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की अपील की है। हालांकि, बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चुनाव आयोग ने कहा कि उन्हें आज तक मसौदा सूची के संबंध में मतदाताओं से सीधे 5,015 दावे और आपत्तियाँ मिली हैं। 18 वर्ष या उससे




अधिक आयु के नए मतदाताओं से मिले फॉर्म 27,517 हैं। नियमों के अनुसार, दावों और आपत्तियों का निपटारा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ/एईआरओ) द्वारा 7 दिनों की समाप्ति के बाद किया जाना है। एसआईआर के आदेश के अनुसार, 1 अगस्त को प्रकाशित मसौदा सूची से किसी भी नाम को ईआरओ/एईआरओ द्वारा जांच करने और निष्पक्ष और उचित मौका दिए जाने के बाद स्पष्ट आदेश पारित किए बिना नहीं हटाया जा सकता है। बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने राजनीतिक विवाद को जन्म दे दिया है। विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक ने आरोप लगाया है कि पुनरीक्षण प्रक्रिया से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जा सकते हैं। वे इस साल के मानसून सत्र की शुरूआत से ही बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर संसद में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की नई अर्जी पर 9 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा, जिसमें एसआईआर अभियान के बाद बिहार की मसौदा मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए 65 लाख मतदाताओं के आंकड़ों का खुलासा करने की मांग की गई है।

## गांधी के साथ ठाकरे की डिनर डिप्लोमेसी, क्या ठाकरे छोड़ेंगे इंडिया अलायंस ?

**मुंबई।** महाराष्ट्र में दिवाली के त्यौहार के बाद स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं, यह तय है.. इसलिए, ठाकरे बंधुओं ने मराठी मुद्दे पर एकता का नारा दिया है... जिसमें कांग्रेस को छोड़कर महाविकास अघाड़ी में शामिल अन्य दलों ने ठाकरे गठबंधन को हरी झंडी दे दी है... लेकिन दिल्ली में होने वाली बैठक के बाद, क्या उद्धव ठाकरे इंडिया अलायंस में बने रहेंगे या नहीं? यह स्पष्ट होने की संभावना है। दरअसल उद्धव ठाकरे तीन दिवसीय दिल्ली दौरे पर हैं। रश्मि ठाकरे और आदित्य ठाकरे भी उनके साथ हैं। विधानसभा चुनाव के बाद यह पहली बार है जब इंडिया अलायंस की बैठक दिल्ली में हो रही है। इस बीच, सांसद संजय राउत ने स्पष्ट किया कि उद्धव ठाकरे केवल इन्हीं बैठकों के लिए दिल्ली गए हैं। उद्धव ठाकरे ने दिल्ली में शरद पवार से भी मुलाकात की है। उद्धव ठाकरे और शरद पवार इंडिया अलायंस



की बैठक में हिस्सा लेंगे। कहा जा रहा है कि ठाकरे और पवार आगामी स्थानीय निकाय चुनावों की रणनीति तय करने के लिए दिल्ली गए हैं। ठाकरे के गठबंधन से कांग्रेस दुविधा में? ठाकरे के गठबंधन से कांग्रेस दुविधा में बताई जा रही है। दरअसल राज ठाकरे के मराठी पहचान के मुद्दे से उत्तर भारतीय वोटों के छिटकने का डर एवं आक्रामक हिंदुत्व स्थानीय निकाय चुनावों में मुस्लिम वोटों को छिटका सकता है। हालांकि, संजय राउत ने इस दावे को खारिज कर दिया है कि इंडिया अलायंस की बैठक में ठाकरे बंधुओं के गठबंधन पर चर्चा होगी।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी की स्वदेशी से देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता के साथ हैं प्रदेशवासी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## स्वदेशी की भावना प्रदेश में हो रही साकार, युवाओं को राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ ही स्वच्छता और स्वदेशी से जुड़ने के लिए किया जाएगा प्रेरित

- प्रधानमंत्री श्री मोदी 25 अगस्त को धार में करेंगे वस्त्रोद्योग पर केन्द्रित पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन
- एक लाख से अधिक युवाओं के लिए सृजित होंगे रोजगार के अवसर



दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी स्वदेशी की भावना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए देश को अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में देश को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी की दृढ़ता हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत है। सभी प्रदेशवासी प्रधानमंत्री श्री मोदी की इस प्रतिबद्धता के साथ हैं। इसी क्रम में स्वदेशी की भावना को साकार करते हुए 10 अगस्त को भोपाल के पास रायसेन जिले के औबेदुल्लागंज में ब्रह्मा (भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग) का भूमिपूजन और शिलान्यास केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में किया जा रहा है। केन्द्रीय कृषि एवं पंचायतराज मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव भी कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे। प्रदेश में पहली बार रेल कोच, मेट्रो कोच आदि का निर्माण कर देश में आपूर्ति के साथ विदेशों में भी निर्यात किया जाएगा। लगभग 1800 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली परियोजना से 1500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। प्रदेश में पहली बार इस प्रकार की रेलवे कोच निर्माण सुविधा स्थापित हो रही है, जो मध्यप्रदेश को देश के रेलवे विनिर्माण मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान दिलाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि रेलवे की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए रायसेन जिले के तहसील गौहरगंज के ग्राम उमरिया में 60.0630 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया जा चुका है। यहां वंदे भारत-अमृत भारत, मेट्रो कोच का निर्माण किया जाएगा। इस उद्योग से भोपाल और रायसेन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर छोटे उद्योगों भी विकसित होंगे, जिनसे आने वाले समय में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा। परियोजना से युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सशस्त्र बलों के जवानों को बहनें भेजेंगी राखियां-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में लगातार चौथे वर्ष हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा अभियान का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र भक्ति और स्वदेशी अपनाने की भावना से जोड़ना है। साथ ही आम जनमानस में भी राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान का भाव विकसित हो। राज्य सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान-2025 में स्वच्छता और स्वदेशी अभियान को भी शामिल किया है। अभियान के अंतर्गत 2 से 12 अगस्त तक पूरे प्रदेश में तिरंगे पर केन्द्रित कार्यक्रम होंगे और 13 से 15 अगस्त तक हम सभी को घर, कार्यालयों और वाहनों पर तिरंगा लगाना है। अभियान के अंतर्गत ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सशस्त्र बलों के जवानों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के उद्देश्य से उन्हें राखियां भेजी जाएंगी। स्कूलों में तिरंगे से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। तिरंगा संगीत और प्रदर्शनियों का आयोजन भी होगा। इस अभियान में सभी वर्गों को शामिल करते हुए 1 करोड़ तिरंगे की व्यवस्था का लक्ष्य रखा गया है।

**धार से विदेशों में भी होंगे वस्त्र निर्यात-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में स्वदेशी अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रदेश की दो भावी मेट्रोपोलिटन सिटी भोपाल और इंदौर के विकास की ओर राज्य सरकार अग्रसर हो रही है। भोपाल के पास बनने वाली रेल कोच इकाई और धार के पास वस्त्र उद्योग पर केन्द्रित विकसित पीएम मित्र पार्क की सौगात से इंदौर मेट्रोपोलिटन क्षेत्र को लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पीएम मित्र पार्क मध्य प्रदेश की समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी 25 अगस्त को धार में पीएम मित्र पार्क का भूमि-पूजन करेंगे। रेडीमेड गारमेंट सेक्टर की 2000 करोड़ रूपए की इस परियोजना से जनजातीय अंचल के एक लाख से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। धार का पीएम मित्र पार्क एक ओर जहां स्वदेशी के भाव को मजबूती देगा, वहीं धार, झाबुआ, रतलाम और निमांड़ क्षेत्र के कपास उत्पादक किसानों को कॉटन का उचित दाम मिलेगा। यहां से विदेशों में भी वस्त्र निर्यात किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 30.77 लाख करोड़ का अभूतपूर्व निवेश प्राप्त हुआ। प्रदेश में औद्योगिकरण का वातावरण बना है और देश-विदेश से निवेशक उद्योग लगाने के लिए मध्यप्रदेश आ रहे हैं।

**लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन का गिफ्ट-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार नारी सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। सावन के पवित्र माह में लाड़ली बहनों को 250 रुपए का शगुन भेजा रहा है। कुल मिलाकर अगस्त में 1500 रुपए की राशि लाड़ली बहनों को भेजी। हमारी मंशा है कि बहनें रक्षाबंधन का त्यौहार पूरे उल्लास और आनंद से मनाएं। दीपावली के बाद लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपए भेजे जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में चल रही डबल इंजन की सरकार एक के बाद एक विकास की सौगातें देती जाएगी।

## भोपाल ग्रामीण सर्किल के 6 हजार 970 उपभोक्ताओं को 5 लाख 11 हजार से अधिक की छूट

### स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मिला सोलर ऑवर में मिल रही 20 प्रतिशत छूट का लाभ

- स्मार्ट मीटर बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिल में कोई गलती नहीं होती। एप के जरिए मोबाइल पर रियल-टाइम डेटा देखकर ऊर्जा की खपत को नियंत्रित किया जा सकता है।

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 1 लाख 24 हजार 701 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे (ळ्श्ऊ) छूट का लाभ प्रदान करते हुए जुलाई 2025 में कुल 01 करोड़ 08 लाख 59 हजार 082 रुपए की रियायत प्रदान की गई है जिसमें भोपाल (ग्रामीण) वृत्त के 06 हजार 970 उपभोक्ताओं को 05 लाख 11 हजार 994 रूपए की दिन के टैरिफ में छूट मिली है। कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी खपत के आधार पर टाइम ऑफ डे छूट के तहत 50 रुपए से लेकर 12 हजार 160 रुपए तक की छूट प्रदान की गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने बताया है कि कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत माह जुलाई 2025 के दौरान यह छूट प्रदान की गई है। दिन के टैरिफ में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है। कंपनी ने बताया है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जिसमें घरेलू, गैर घरेलू, सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट और निम्नदाब औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए सोलर ऑवर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड/अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही दी जा रही है। प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने आमजन एवं उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने परिसर में स्मार्ट मीटर लगाने में सहयोग करें और स्मार्ट मीटर लगवाने से न घबराएं। स्मार्ट मीटर उनके लिए हर तरह से फायदेमंद है और स्मार्ट मीटर की सटीक रीडिंग और बिलिंग के साथ ही कार्यप्रणाली में भी किसी प्रकार की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है। उल्लेखनीय है कि स्मार्ट मीटर से बिजली उपभोक्ताओं को ऊर्जा की खपत को ट्रैक करने और ऊर्जा की बचत करने में मदद मिलती है। स्मार्ट मीटर बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिल में कोई गलती नहीं होती। एप के जरिए मोबाइल पर रियल-टाइम डेटा देखकर ऊर्जा की खपत को नियंत्रित किया जा सकता है। उपभोक्ताओं को ऊर्जा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी मिलती है, जिससे ऊर्जा की खपत को बेहतर बनाया जा सकता है। उपभोक्ता ऊर्जा की खपत को ऑनलाइन मोबाइल एप के द्वारा किसी भी समय कहीं से भी देख सकते हैं। स्मार्ट मीटर ऊर्जा की खपत को कम करने में सहायक होकर पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को भी कम करता है।

## नगर निगम की महिला स्वच्छता सैनिकों के सम्मान में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न

### महिला सफाई मित्रों के ब्लड टेस्ट के साथ ही थाईराइड, सीबीसी, पैपस्मीयर आदि की जांच व सोनोग्राफी निःशुल्क की गई



दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** भोपाल शहर को स्वच्छता में देश में दूसरा स्थान दिलाने तथा शहर की सुन्दरता को बनाये रखने हेतु दिन-रात मेहनत करने वाली महिला सफाई सैनिकों के सम्मान में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही ब्लड, थाईराइड, सीबीसी आदि टेस्ट व सोनोग्राफी भी की गई। शिविर में मनो विशेषज्ञ द्वारा सफाई मित्रों के साथ मेंटल हेल्थ पर भी चर्चा की गई और योग अभ्यास भी कराया गया। नगर निगम भोपाल द्वारा हारमोनी इस्टीट्यूट आफ एक्सीलेंस इन रिपोर्टेक्टिव हेल्थ के सहयोग से गुरूवार को नर्मदापुरम रोड स्थित चिनार फार्च्यून सिटी में नगर निगम भोपाल की महिला सफाई सैनिकों के सम्मान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में बड़ी संख्या में महिला सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही ब्लड, थाईराइड, सीबीसी आदि टेस्ट व सोनोग्राफी भी की गई। शिविर में मनो विशेषज्ञ द्वारा सफाई मित्रों के साथ मेंटल हेल्थ पर भी चर्चा की गई और योग अभ्यास भी कराया गया। इस मौके पर आयोजकों द्वारा महिला सफाई मित्रों को उपहार भी भेंट किये गये।

## रेल कोच इकाई भोपाल मेट्रोपोलिटन सिटी के विकास को गति देगी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### 10 अगस्त को रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह करेंगे भूमिपूजन

- 60 हेक्टेयर भूमि पर 1800 करोड़ रूपए की लागत से बनेगी रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग इकाई
- 1500 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा



दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर प्रदेश को रेल कोच इकाई की बड़ी सौगात प्राप्त हो रही है। भारत अर्थ मूवर्स परियोजना द्वारा भोपाल जिले की सीमा के पास रायसेन के ग्राम उमरिया में 60 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर 1800 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली ब्रह्मा परियोजना (बीईएमएल रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग) से भोपाल, रायसेन, सीहोर और विदिशा आदि जिलों को लाभ होगा। इन जिलों के तकनीकी संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। परियोजना में 1500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलना प्राप्त होगा। मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित हो रहे भोपाल क्षेत्र को इस परियोजना से बहुत लाभ होगा। यह परियोजना प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में चल रहे मेक इन इंडिया मिशन के भाव का प्रकटीकरण है। यहां बनने वाले वंदे भारत-अमृत भारत और मेट्रो ट्रेनों के कोच से सम्पूर्ण भारतीय रेल व्यवस्था के नए युग का सूत्रपात होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रेल कोच निर्माण सुविधा के लिए औबेदुल्लागंज में 10 अगस्त को केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के मुख्य आतिथ्य में होने वाले भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में समत्व भवन में हई बैठक में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि क्षेत्र के विकास को गति देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमिपूजन में बड़ी संख्या में क्षेत्रीयजन शामिल होंगे। अतः उनके आवागमन और बैठक की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिभागियों के स्वाल्पाहार, भोजन, पेयजल आदि के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। जानकारी दी गई कि परियोजना का भूमिपूजन 10 अगस्त को औबेदुल्लागंज के दशहरा मैदान में होगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, रक्षा उत्पाद सचिव श्री संजीव कुमार, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष श्री सतीश कुमार, भारत अर्थ मूवर्स परियोजना के अध्यक्ष श्री शांतनु राय शामिल होंगे। इस अवसर पर भारत अर्थ मूवर्स परियोजना पर केन्द्रित लघु फिल्म, प्रस्तावित प्लांट का 3थी वॉक थ्रू और नए संयंत्रों के मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे। कार्यक्रम में लगभग 10 हजार प्रतिभागी शामिल होंगे। बैठक में कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल, मछुआ कल्याण एवं मत्सय विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा रायसेन जिले के प्रभारी मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का 'उपाय' एप अब डर प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध

### एप स्टोर से करें डाउनलोड और विद्युत संबंधी सेवाओं का लाभ उठाएं

दैनिक भेल पॉवर

*भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा का विस्तार किया है। कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की सेवाओं के लिए अब अपने लोकप्रिय 'उपाय' (UPA) एप को एप्पल के डर प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध कराया गया गया है। बिजली उपभोक्ता एप्पल एप स्टोर (App'e App S tore) से 'उपाय' एप को मुफ्त में डाउनलोड कर सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने बताया है कि सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के साथ ही त्वरित डिजिटल सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना कंपनी की प्राथमिकता है, जिससे वे बिजली से जुड़ी सेवाओं का लाभ कहीं भी और कभी भी उठा सकें। इसी क्रम में " उपाय" एप उपभोक्ताओं के लिए एक व्यापक डिजिटल समाधान है, जो बिजली से संबंधित सभी जरूरतों को एक ही जगह पूरा करता है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक सूचना प्रौद्योगिकी श्री अभिषेक मार्तंड ने बताया है कि डर प्लेटफॉर्म पर 'उपाय' एप की उपलब्धता से बड़ी संख्या में ऐसे बिजली उपभोक्ताओं को फायदा होगा, जो आईओएस आधारित स्मार्ट फोन का उपयोग करने के कारण अब तक उपाय एप की सुविधा से वंचित थे। कंपनी अपने सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर और आधुनिक सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह पहल उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बिजली उपभोक्ता उपाय एप का उपयोग करके निम्नलिखित सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं: ड्रबिजली बिल का भुगतानः उपभोक्ता अपने घर बैठे ही बिजली बिल का ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। यह प्रक्रिया पूरी तरह से सुरक्षित और आसान है। ड्रशिकायत दर्ज करनाः बिजली आपूर्ति में रुकावट, वोल्टेज की समस्या, या किसी अन्य बिजली संबंधित शिकायत को तुरंत एप के माध्यम से दर्ज किया जा सकता है। ड्रशिकायत की स्थिति जाननाः दर्ज की गई शिकायतों की प्रगति को ट्रैक करने की सुविधा भी इस एप में दी गई है, जिससे उपभोक्ता को उसकी शिकायत पर हो रही कार्रवाई की पूरी जानकारी मिलती रहती है। ड्रनए कनेक्शन के लिए आवेदनः नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन करने की सुविधा भी इस एप में उपलब्ध है, जिससे बिना कार्यालय में जाए त्वरित नया कनेक्शन मिलेगा। बिजली चोरी की सूचनाः बिजली चोरी से संबंधित जानकारी दी जा सकती है। ड्रबिजली बिल भुगतान का विवरणः भुगतान किए गए बिलों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। ड्रसोलर रूफटॉप आवेदनः सोलर रूफटॉप योजना के लिए आवेदन किया जा सकता है। ईकेवायसीः इलेक्ट्रॉनिक नो योर कस्टमर (तप ) प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। स्मार्ट मीटर की सेवाएंः स्मार्ट मीटर से संबंधित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया जा सकता है। विजिलेंस भुगतान की सेवाः विजिलेंस भुगतान से संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध हैं।*

## सड़क बन रही, राहत मिलेगीः सिंधी कॉलोनी की जर्जर सड़क अब अतीत की बात

### विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के निर्देश पर शुरू हुआ कार्य, नगरपालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

दैनिक भेल पॉवर



**इटारसी।** वार्ड 30 स्थित सिंधी कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर ए.ई. मीनाक्षी चौधरी, वार्ड 06 के पार्षद जिम्मी कैथवास, वार्ड 11 के पार्षद अमित विश्वास, वार्ड 25 के पार्षद कुंदन गौर, वार्ड 19 के पार्षद राहुल प्रधान तथा सब इंजीनियर मयंक अरोरा भी मौजूद रहे। सिंधी कॉलोनी की सड़क लंबे समय से जर्जर स्थिति में थी, जिससे धर्मशाला सहित क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। पिछले महीने कॉलोनी के नागरिकों ने विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा से मुलाकात कर इस समस्या की जानकारी दी थी। जनहित को प्राथमिकता देते हुए डॉ. शर्मा ने नगर पालिका के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक निर्देश दिए, जिसके परिणामस्वरूप सड़क निर्माण कार्य तेजी से प्रारंभ किया गया। यह सड़क केवल सिंधी कॉलोनी के निवासियों के लिए ही नहीं, बल्कि मालवीयगंज, प्रतापपुरा तथा आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों के लिए भी एक मुख्य संपर्क मार्ग है। स्थानीय निवासियों ने सड़क निर्माण कार्य को लेकर संतोष जताया है और विधायक डॉ. शर्मा व नगरपालिका टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## एलएनसीटी भोपाल एवं केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का संयुक्त संस्कृत सप्ताह महोत्सव आयोजित

दैनिक भेल पॉवर



**भोपाल।** एलएनसीटी विश्वविद्यालय भोपाल के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में ₹संस्कृत सप्ताह महोत्सव₹ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृत भारती के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख श्री श्रीशदेव पुजारी जी थे, जबकि सारस्वत अतिथि संस्कृत भारती के श्री भरत बैरागी जी रहे। इस अवसर पर एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेंद्र कुमार थापक जी, कुलसचिव डॉ. अजीत कुमार सोनी जी तथा केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय जी भी उपस्थित रहे। डॉ. पवन व्यास जी ने अतिथियों का परिचय कराया तथा कुलपति प्रो. थापक जी ने वाचिक स्वागत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्री श्रीशदेव पुजारी जी ने संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला और इस बात पर विमर्श किया कि किस प्रकार संस्कृत को अन्य विषयों के साथ जोड़कर अनुसंधान परक बनाया जा सकता है। उन्होंने संस्कृत को ज्ञान-विज्ञान की भाषा बताते हुए संस्कृत ग्रंथों में वैज्ञानिक विषयों के समावेश पर विशेष चर्चा की। उपस्थित आयुर्वेद के छात्रों को संस्कृत के माध्यम से आयुर्वेद में अन्वेषण करने के विषय पर भी विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अजीत कुमार सोनी जी ने किया। डॉ. अंजु जी एवं डॉ. नरसिंह लू जी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। प्रो. सोमनाथ साहू जी ने कार्यक्रम का संयोजन किया जबकि संचालन पुष्कर तिवारी ने किया।

## नर्मदापुरम पुलिस चलाएगी 'पहले स्वयं सुधरेंगे फिर दूसरों को सुधारेंगे' नामक अनोखा अभियान

दैनिक भेल पॉवर

**इटारसी।** पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह की पहल के मुताबिक 'पहले स्वयं सुधरेंगे फिर दूसरों को सुधारेंगे' नामक अनोखे अभियान के तहत गुरुवार को ट्रैफिक पुलिस ने सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले और बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले पुलिस कर्मियों को समझाइश दी। इस दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लघंन करने वाले सभी पुलिसकर्मियों को भविष्य में सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारी गण को अपने थाने के पुलिस कर्मियों द्वारा दोपहिया वाहन



चलाते समय हेलमेट का उपयोग और चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एक बार समझाइश उपरांत सुधार परिलक्षित न होने पर चालानी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं । वैधानिक आदेश का पालन न करने पर चालानी कार्यवाही के अतिरिक्त प्रशासनिक कार्यवाही की चेतावनी भी दी। सड़क हादसों में कमी लाने और ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नई पहल- गौरतलब है नर्मदापुरम पुलिस ने जिले में सड़क हादसों में कमी लाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ₹पहले स्वयं सुधरेंगे, फिर दूसरों को सुधारेंगे₹ के तहत इस अनूठे पहल की शुरूआत की है। इसके तहत उन पुलिसकर्मियों को समझाइश दी गई, जो खुद नियमों का पालन नहीं कर रहे थे। नर्मदापुरम पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि सभी सड़क पर चलते समय निर्धारित यातायात नियमों का पालन करके अपनी और दूसरों की जान की परवाह करें। मुहिम के पीछे संदेश-अगर पुलिस नियम तोड़ेगी, तो जनता से पालन की उम्मीद कैसे करें ट्रैफिक नियमों को लेकर सख्ती के लिए नर्मदापुरम पुलिस और यातायात पुलिस ने अपने अनोखे अभियान से संदेश देने की कोशिश की है कि अगर पुलिस नियम तोड़ेगी, तो जनता से पालन की उम्मीद कैसे करें इसलिए इस सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में पहल करते हुए सबसे पहले पुलिसकर्मी ही आदर्श बने। अगले चरण में सड़क पर नियम का उल्लंघन कर चलने वाले पुलिस कर्मियों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जाएगी

**Name change**

I, Swati Mittal W/o Sanjeev Kumar R/o D-27 (Phase-1) Gail Complex, Vijaipur, Guna, Madhya Pradesh-473112 have changed my name to Swati Goel.

# कुबेरेश्वर धामः अब तक 7 की मौत!



## मंगलवार को 2, बुधवार को 3 और गुरुवार को 2 की मौत, अब कई लापता

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के कुबेरेश्वर धाम पर बीते तीन दिनों से मौतों का सिलसिला जारी है. मंगलवार से लेकर गुरुवार तक तीन दिन में 7 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। इनमें पहले दिन मंगलवार को 2 महिला श्रद्धालुओं की मौत हुई, जबकि बुधवार को 3 और गुरुवार को 2 श्रद्धालुओं की मौत की खबर है। दुखद बात यह है कि अब भी कई लापता है। गुरुवार सुबह (गुरुवार) उत्तर प्रदेश के गोरखपुर तहसील पिपराइच बड़ा टोला निवासी 22 वर्षीय उपेन्द्र गुप्ता पिता प्रेम गुप्ता की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। 40 वर्षीय अनिल पिता महावर निवासी ग्राम खेड़ाकलां दिल्ली को भी गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक का दिल का दौरा पड ? से निधन हुआ है। धाम पर मृतकों की संख्या में 7 हो गई है। इससे पहले संगीता गुप्ता (48) और जसवंती बहन (56) के रूप में हुई। बुधवार को कांवड़ यात्रा के दौरान दो और श्रद्धालु चतुर सिंह (50) और ईश्वर सिंह (65) की मौत हो चुकी है।

### दुखदः अब भी कई लापता

खास बात यह है कि कुबेरेश्वर धाम के आयोजन को लेकर अब भी कई श्रद्धालु लापता है, इन लापता श्रद्धालुओं को लेकर सोशल मीडिया के फेसबुक पर लगातार फोटो डाले जा रहे हैं। हालांकि इन घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन-पुलिस प्रशासन लगातार अलर्ट है।

# समाजहित मे फिर आगे आए विनीत माहेश्वरी और शैलेन्द्र जेन



दैनिक भेल पॉवर ■

नगरपालिका परिषद गाडरवारा को नर्मदा और शक्ति शुगर मिल के उरफ से दोनों मिलो के संचालक सम्मानीय,उद्योगपति और समाज सेवी विनीत जी माहेश्वरी,और गाडरवारा नगर में हमेशा आपदा के समय खड़े रहने वाले ,समाजसेवी शैलेन्द्र जी जैन द्वारा ,नगरपालिका अध्यक्ष आदरणीय शिवाकांत मिश्रा जी की मांग पर, 12 लाख रु की लागत से उपहार स्वरूप 5 पानी के टैंकर, और 1 काऊ केचर वाहन दिया गया.... इस उपलक्ष्य में-मंगल भवन (न.पा.) में इस नेक काम के लिये ,नगरपालिका अध्यक्ष और न.पा.प्रशासन द्वारा,सम्मानीय विनीत जी माहेश्वरी और शैलेन्द्र जी का शाल श्रीफल देकर आभार प्रकट किया गया इस अवसर पर,नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत जी मिश्रा,गाडरवारा क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती साधना जी स्थापक,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ,श्रीमती ममता जी पांडे,नवनीत जी चाचा,मंडल के अध्यक्ष चंद्रकांत जी शर्मा ,जिला उपाध्यक्ष श्रीमती पूजा जी तिवारी ,श्रीमती शिरोमणि जी चौधरी,भाजपा के वरिष्ठ साथी...हंसराज जी मालपानी ,विकास जी जैन,राधावल्लभ जी काबरा, इऊ त्रिपाठी साहब,अशोक जी सराठे ,पूर्व मंडल के अध्यक्ष पीयूष जी जैन,पूर्व मंडल महामंत्री शैलेश जी पटेल....वर्तमान और पूर्व पार्षद गण व अन्य दोनों दलों के साथीगण ,सफाई मित्र मातृ शक्ति ,नगरपालिका का समस्त स्टाफ मौजूद रहे...कार्यक्रम का संचालन-शुभम जी राजपूत और कार्यक्रम का आभार आंनद जी दुबे ने किया।

# परमार्थ सेवा के साथ असंख्य चार दिवसीय असंख्य रुद्री निर्माण अनुष्ठान जारी

## परहित से बड़ा कोई धर्म नही - मुकेश बसेड़िया

दैनिक भेल पॉवर ■

**गाडरवारा।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय गायत्री मन्दिर परिसर में चार दिवसीय असंख्य रुद्री निर्माण, रुद्राभिषेक, सत्संग प्रवचन के साथ विभिन्न सेवा कार्य सतत किये जा रहे है। उनके द्वारा रुद्री निर्माण के प्रथम दिवस गाय पूजन तथा कन्याओं के पद पखारकर उन्हें वस्त्र, शिक्षण ,पठन लेखन सामग्री, आर्कषक स्कूल बैग आदि प्रदान किये। द्वितीय दिवस के अनुष्ठान का शुभारंभ कर्मकांडी ब्राह्मण जनो के पद पखारकर उन्हें भेंट प्रदान कर आशीर्वाद लेकर किया गया। इसी दिन शहर के पचास निराश्रित असहाय वृध्दजनो को वस्त्र, मच्छरदानी , कंबल आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। विदित हो कि प्रतिदिन प्रसिद्ध कथाव्यास आचार्य पँ प्रवीण व्यास द्वारा पारिवारिक मूल्यों की पाठशाला शिव परिवार पर प्रवचन दिये जा रहे है। गायत्री परिवार के परिव्राजक मूलचंद पटेल द्वारा



संस्कारो पर व्याख्यान व अनुष्ठान आचार्य पँ अमित चौबे द्वारा पूर्ण वैदिक विधि विधान से रुद्राभिषेक कराया जा रहा है। आयोजन से जुडी जानकारी देते हुए श्री बसेड़िया ने बताया कि उक्त आयोजन माँ विजयासन , श्री दादाजी की असीम कृपा से विगत 10 वर्षों से सतत चल रहा है। आयोजन मे धर्म के साथ मानव सेवा की जाती है। प्रतिदिन रुद्री निर्माण हेतु आये भक्तों की विभिन्न शारीरिक जाँचे निशुल्क की जा रही है। उन्होंने सभी नगरवासियों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है। आज अनुष्ठान स्थल पर शिव का जलाभिषेक व मरीजों के हितार्थ रक्तदान किया जाएगा।

# कानफोडू डीजे संचालकों पर पुलिस का एक्शन, एफआईआर दर्ज




दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** पंडित प्रदीप मिश्रा की कावड़ यात्रा के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने और यातायात बाधित करने वाले 8 डीजे संचालकों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने सभी डीजे वाहनों को जब्त कर उनके खिलाफ मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। बता दें पंडित प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में 6 अगस्त को सीवन नदी से कुबेरेश्वर धाम तक कावड़ यात्रा निकाली जा रही थी। इस दौरान हाईवे पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी, जिससे यातायात पहले से ही धीमा था। ऐसे में कुछ डीजे संचालक अपने वाहनों पर तय सीमा से अधिक बड़े साउंड सिस्टम लगाकर तेज आवाज में संगीत बजा रहे थे, जिससे यातायात में और भी बाधा आ रही थी। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला के निर्देशानुसार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं नगर पुलिस अधीक्षक अभिनंदन शर्मा के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र यादव की टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने विभिन्न स्थानों से 8 डीजे जब्त किए और उनके संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जब्त किए गए डीजे वाहन और उनके मालिक

- त्रिनेत्र डीजे, वाहन क्रमांक एमपी 14 एचबी 0125, संचालकः निखित कुमार बड़ोदरा गुजरात।
- नटराज डीजे, वाहन क्रमांक एमपी09 एचएफ 9586, संचालक कुशवाह भोपाल।
- कसाना डीजे, वाहन क्रं. यूपी 78 सीटी 6178 संचालक राजा सोलंकी, सीहोर
- वाहन क्रं. सीजी 07 सीएन 3589, स ंचालक स्वदेश छीरले, भिलाई दुर्ग।
- बाबा डीजे, वाहन क्रं. एमपी 04 एचई 1058, संचालक कमलेश कुशवाह सीहोर।
- प्रशांत डीजे, वाहन क्रं. एमपी 13 एच 2008, संचालक अश्विन काटने भोपाल।
- वाहन क्रं. एमपी 09 एचजे 8861, संचालक बाबूलाल बोकारो, झारखंड।
- वाहन क्रं. यूपी 53 ईटी 2782, संचालक राजेंद्र प्रताप प्रेमचंद, अंबेडकर नगर उत्तर प्रदेश।

# कलेक्टर के निर्देश, सडकों से हटेगा अतिक्रमण, स्पीड पर भी लगेगी लगाम

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** जिले में सडक दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उन्होंने अधिकारियों को सडकों से अतिक्रमण हटाने और वाहनों की ओवर.स्पीडिंग पर लगाम लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हाईवे के टोल नाकों के पास स्पीड राडार गन के जरिए ओवर.स्पीडिंग करने वाले वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने सडक निर्माण एजेंसियों को सभी सडकों का सर्वे करने और यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि सडकों पर आवश्यक संकेतक लगे हों और क्षतिग्रस्त पुल.पुलिया की मरम्मत की जाए। वर्षा ऋतु को देखते हुए जलमग्न होने वाले पुलों पर बैरिकेडिंग




और कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने राहवीर योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा और पुलिस उससे कोई पूछताछ नहीं करेगी। इसके अलावा उन्होंने सडकों पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उन्हें गौशालाओं में पहुंचाने के भी निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे, जिन्होंने इन निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया।




दैनिक भेल पॉवर ■

पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में आज दिनांक 6/ 8/25 को स्कूल में छात्र संघ के चुनाव कराए गए चुनाव प्रक्रिया विधिवत चुनाव प्रणाली पर आधारित रहे चुनाव प्रक्रिया में सेक्टर अधिकारी के रूप में श्रीमती जी सोनी मैडम ने अपना उत्तरदायित्व निभाया पीठासीन अधिकारी के रूप में श्री रत्नेश नेम अपना उत्तरदायित्व निभाया ढ1 का दायित्व श्रीमती पुष्पा दुबे मैडम ने निभाया ढ2 का दायित्व श्रीमती सु भावना पांडे मैडम ने निभायास्त्र 3 का उत्तरदायित्व श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव मैडम ने निभाया संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया का उत्तरदायित्व श्रीमती माया पटेल मैडम ने निभाया यह प्रक्रिया स्कूल की प्राचार्य श्रीमती आशा नेमह्लमैडम के मार्गदर्शन में हुआ चुनाव विधिवत इस प्रकार संपन्न हुए जिस प्रकार विधानसभा एवं लोकसभा के चुनाव संपन्न होते हैं छात्र संघ के चुनाव कक्षा ग्यारहवीं 12वीं के अध्यक्ष पद उपाध्यक्ष पद एवं सचिव पद के लिए हुए कल विधिवत वोटो की गिनती की जाएगी और विजय प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी प्रत्येक कक्षा से 7 -7 मतदाता ने मत डाले कुल 77 मतदाताओं ने मत डाले इस प्रकार चुनाव प्रक्रिया विधिवत संपन्न हुई।

# लाड़ली बहना के चेहरों पर मोहन भैया ने लौटाई मुस्कान



डॉ. मोहन यादव की संवेदनशीलता, जमीनी जुड़ाव और योजना को और बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता ने इसे और प्रभावी बनाया है। यह योजना निश्चित रूप से मध्य प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण का एक नया अध्याय लिख रही है और इसके लिए डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शिता और नेतृत्व को श्रेय जाता है।

मध्यप्रदेश सरकार की लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। इस योजना के तहत मध्यप्रदेश सरकार ने महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके जीवन में नई उम्मीदें जगाई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में यह योजना न केवल महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता का स्रोत बनी है, बल्कि उनके चेहरों पर मुस्कान और आत्मविश्वास भी लौटाने में सफल रही है।

लाड़ली बहना योजना मध्यप्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने की 10 से 15 तारीख को 1,250 रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है। 2025 तक इस योजना के तहत 1.27 करोड़ से अधिक महिलाओं को 19,212 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। यह योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

लाड़ली बहना योजना की शुरूआत मध्यप्रदेश में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के उद्देश्य से की गई थी। हर महीने 1250 रुपये की राशि से न केवल उनकी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा हो रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी मिल रहा है। डॉ. मोहन यादव ने इस योजना को सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव का माध्यम भी बनाया है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में यह योजना अब तक सवा करोड़ से अधिक महिलाओं तक पहुंच चुकी है और इसके तहत 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। लाड़ली बहना योजना से मध्यप्रदेश की महिलाओं के जीवन में कई सकारात्मक बदलाव आए हैं। योजना से प्रतिमाह मिलने वाली मासिक सहायता राशि ने जहां एक तरफ महिलाओं को छोटे-मोटे खर्चों के लिए आत्मनिर्भर बनाया है वहीं इससे वे अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हुई हैं। यहीं नहीं इस योजना ने महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाया है। वे अब अपने परिवार और समाज में अधिक सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना को बंद करने की विपक्षी दलों द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने स्पष्ट किया कि यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए शुरू की गई थी और इसे हर हाल में जारी रखा जाएगा। विपक्ष के दावों को झूठा करार देते हुए सरकार ने कहा कि यह योजना न केवल निर्बाध रूप से जारी रहेगी, बल्कि भविष्य में इसका दायरा और बढ़ाया जाएगा। डॉ. मोहन यादव ने इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाते हुए भविष्य में इसकी राशि को बढ़ाने का वादा भी प्रदेश की जनता से किया है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने हाल ही में घोषणा की कि भईया दूज के साथ लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये प्रदान किए जाएंगे। उनके द्वारा पिछले दिनों कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में इस राशि को 3,000 रुपये तक बढ़ाने की बात भी कही है। यह निर्णय महिलाओं के लिए आर्थिक स्थिरता लाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। डॉ. मोहन यादव ने सुनिश्चित किया कि योजना की राशि समय पर और पारदर्शी तरीके से लाभार्थियों के खातों में पहुंचे।

डॉ. मोहन यादव की संवेदनशीलता, जमीनी जुड़ाव और योजना को और बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता ने इसे और प्रभावी बनाया है। यह योजना निश्चित रूप से मध्य प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण का एक नया अध्याय लिख रही है और इसके लिए डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शिता और नेतृत्व को श्रेय जाता है। इस योजना के पीछे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शी सोच और संकल्प है जिन्होंने न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है बल्कि उनके चेहरों पर मुस्कान भी लौटाई है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने स्पष्ट किया कि यह योजना उनकी सरकार की प्रमुख प्राथमिकता में है और इसे भविष्य में और सशक्त किया जाएगा। डॉ.मोहन यादव की प्रतिबद्धता ने महिलाओं के बीच भरोसा कायम रखा है। इसके अलावा योजना की राशि को समय पर हस्तांतरित करने से लाडली बहनाओं के बीच भरोसा बरकरार है। हर महीने की 10 से 15 तारीख के बीच राशि हस्तांतरण का उत्सव पूरे प्रदेश में देखा जा सकता है।

डॉ. मोहन यादव की सरकार ने लाड़ली बहना योजना के अलावा भी महिलाओं के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं। एक तरफ अब तक जहाँ 850 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 275 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई जिससे एक लाख से अधिक महिलाएं लखपति बन चुकी हैं वहीं 19 लाख से अधिक बालिकाओं को सेनिटेशन और हाइजीन योजना के तहत 57 करोड़ 18 लाख रुपये की राशि दी गई। आज सरकार द्वारा महिलाओं को छोटे व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रशिक्षण और ऋण सुविधाएं आसानी से प्रदान की जा रही हैं। ये सभी प्रयास डॉ. मोहन यादव की उस सोच को दशार्ते हैं जिसमें महिलाएं न केवल परिवार की रीढ़ हैं, बल्कि राष्ट्र , समाज और अर्थव्यवस्था की प्रगति में भी बराबर की भागीदार हैं।

लाड़ली बहना से जुडी प्रदेश की महिलाओं के चेहरे इन दिनों खुशी से खिले हुए हैं। इस बार उनके मोहन भैया 27 वीं किश्त के साथ रक्षाबंधन का शगुन भी देने वाले हैं। 7 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में 250 रुपए की अतिरिक्त राशि दी जायेगी, जो रक्षाबंधन पर भाई की तरफ से छोटा सा उपहार है। यह राशि प्रतिमाह मिलने वाली 1250 रुपए से अतिरिक्त होगी। मोहन भैया रक्षाबंधन पर नरसिंहगढ़ से 250 रू का शगुन देकर लाड़ली बहनों का दिल जीतने की कोशिश कर रहे हैं। डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना को भविष्य में और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रक्षा-सूत्र केवल धागा नहीं लाड़ली बहनों की रक्षा, सहयोग और स्वप्नों को साकार करने का संकल्प भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत" के मिशन को विजन बनाते हुए डॉ. मोहन यादव का लक्ष्य मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना करना और हर महिला को आत्मनिर्भर बनाना है। डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की महिलाएं मेरी बहने हैं यह मेरा मान है, सम्मान है, बहनों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आए इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार कृत संकल्पित है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कहना है कि जैसे मोदी सरकार लोकसभा-विधानसभा में बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है, उसी तरह हमारी सरकार भी महिलाओं के रोजगार और उनकी आर्थिक तरक्की के लिए संकल्पित है।

डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में लाड़ली बहना योजना ने मध्यप्रदेश की महिलाओं के जीवन में एक नया अध्याय जोड़ा है। यह योजना केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के आत्मसम्मान, स्वतंत्रता, और सपनों को पंख देने का माध्यम बनी है। डॉ.यादव की संवेदनशीलता, दृढ़संकल्प और समर्पण ने रक्षाबंधन पर प्रदेश की करोड़ों लाड़ली बहनों के चेहरों पर मुस्कान लौटाई है।



# रक्षाबंधनः सामाजिक समरसता का सनातनी प्रतीक, “स्त्री-पुरुष समभाव का प्रतीक”

**डॉ. भूपेन्द्र कुमार सुल्लेरे**

**उत्सव के प्रति दृष्टिकोण की द्वंद्वात्मकता-** भारतीय संस्कृति में पर्व केवल परंपरा नहीं, बल्कि मूल्य हैं – सह-अस्तित्व, कर्तव्य और आत्मीयता के मूल्य। किंतु दुर्भाग्यवश आज सनातन परंपराओं को ‘फेमिनिस्ट’ और ‘वामपंथी विमर्शों’ की व्याख्यात्मक संकीर्णता का शिकार बनाया जा रहा है। रक्षाबंधन को ‘पितृसत्तात्मक पुरुष-रक्षण व्यवस्था’ का प्रतीक कहकर उसके गूढ़ सामाजिक-सांस्कृतिक अर्थों का अपहरण किया जा रहा है। यह लेख इसी तर्क का खंडन करते हुए रक्षाबंधन को सामाजिक समरसता, स्त्री-पुरुष परस्परता, सांस्कृतिक रक्षा और समता के सनातनी प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करता है।

रक्षाबंधनः रक्षा का एकांगी नहीं, परस्पर संकल्प रक्षाबंधन को केवल एक ‘बहन द्वारा भाई से रक्षा की मांग’ के रूप में देखने का दृष्टिकोण सीमित और भ्रांतिपूर्ण है। रक्षा इस पर्व का केंद्रीय भाव है, किंतु यह रक्षा केवल बाह्य शारीरिक नहीं, अपितु सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सुरक्षा का संकल्प है – जो परस्पर है। यह वह पर्व है जहाँ बहन, भाई को तिलक कर, रक्षा सूत्र बाँधकर उसके जीवन, धर्म और मयार्दा की रक्षा की कामना करती है, तो भाई भी यह संकल्प करता है कि वह बहन की गरिमा, स्वतंत्रता और सम्मान की रक्षा करेगा। यह एक-दूसरे की पूरक भूमिका का प्रतीक है – न कि अधीनता या वर्चस्व का। इतिहास में स्त्री-पुरुष के परस्पर रक्षार्थ बंधन के प्रमाण भारतीय इतिहास और पुराणों में ऐसे अनेकों प्रसंग मिलते हैं, जहाँ स्त्री और पुरुष ने एक-दूसरे की रक्षा हेतु बंधन निभाया है – कभी बहन ने भाई की रक्षा की, तो कभी भाई ने बहन की। द्रौपदी और श्रीकृष्णः महाभारत के प्रसिद्ध प्रसंग में द्रौपदी ने अपने वस्त्र से कृष्ण के घायल अंग को बाँधा।

कृष्ण ने उस रक्षासूत्र को जीवन भर निभाया और चीरहरण के समय द्रौपदी की लाज बचाई। यम-यमी की कथाः यमी (यमुना) ने यमराज से व्रत रखा कि जब तक वह उसे देख नहीं लेती, पर्व नहीं मनाएगी। यम ने बहन के इस प्रेम से प्रसन्न होकर उसे वरदान दिया कि जो भाई इस दिन बहन से रक्षा का व्रत करेगा, उसका कल्याण होगा। रक्षासूत्र केवल स्त्रियों द्वारा नहीं: श्रावण पूर्णिमा पर ब्राह्मणों को भी यजमानों को रक्षासूत्र बाँधते देखा गया है। यह एक समग्र सामाजिक रक्षण का प्रतीक है, जो किसी लिंग आधारित अधीनता का संकेत नहीं देता। रानी कर्णावती और हुमायूंः राजनीतिक-सांस्कृतिक सन्दर्भों का पुनर्पाठ वामपंथी विमर्श में अकसर रानी कर्णावती द्वारा मुगल शासक हुमायूं को राखी भेजने का संदर्भ दिया जाता है, जिसे “सामंती पुरुष-रक्षण व्यवस्था” का प्रमाण बताकर प्रस्तुत किया जाता है। जबकि ऐतिहासिक संदर्भ भिन्न है। रानी कर्णावती (चित्तौड़) ने जब गुजरात के बहादुर शाह के आक्रमण की आशंका देखी, तो मुगल शासक हुमायूं से सहायता मांगी। इस रक्षाबंधन का आशय ‘नारी द्वारा अपनी संस्कृति और स्वराज्य की रक्षा के लिए धर्मशील सहयोगी से आग्रह’ था। हुमायूं ने तब राजनीतिक प्रतिबद्धताओं के बावजूद सहायता की, भले विलंब से पहुँचा। यह घटना यह दशार्ती है कि रक्षाबंधन केवल स्त्री की रक्षा का आग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा हेतु धर्मनिष्ठ सहयोग का भी प्रतीक है।

जनजातीय परंपराओं में रक्षाबंधन की विविधताः पितृसत्ता नहीं, सामाजिक समरसता भारतीय जनजातीय समाजों में रक्षाबंधन के पर्व को विविध रूपों में मनाया जाता रहा है, जिनमें बहन-भाई का संबंध ही नहीं, बल्कि देवी-देवताओं, वृक्षों, नदियों और पशु-पक्षियों से भी रक्षा सूत्र बाँधने की परंपरा है। गोंड, भील और संथाल जनजातियाँ अपने वन-देवताओं और प्रकृति से रक्षा सूत्र का आदान-प्रदान करती हैं। यह पर्व इन समाजों में नारी की गरिमा और मातृशक्ति के रूप में प्रकृति के सम्मान का भी प्रतीक है। कहीं बहनें अपने भाइयों को नहीं, बल्कि पेड़ों और जलस्त्रोतों को राखी बाँधती हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह पर्व सामाजिक व पारिस्थितिक समरसता का भी वाहक है, न कि केवल पारिवारिक पितृसत्ता का उत्सव। समकालीन संदर्भ में रक्षाबंधन का पुनपाठः विमर्श बनाम सनातन सत्य समकालीन 'फेमिनिस्ट' विमर्श रक्षाबंधन को स्त्री की निर्भरता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करता है, किंतु यह तथ्य विहीन और औपनिवेशिक दृष्टिकोण से उपजा विचार है। यदि रक्षाबंधन पितृसत्ता का प्रतीक होता, तो भारत में लाखों बहनें अपने भाइयों से ‘रक्षासूत्र के बदले उपहार नहीं, सम्मान मांगतीं। यह पर्व सामाजिक उत्तरदायित्व और सांस्कृतिक रिश्तों की पुनःस्थापना है, न कि याचना या वर्चस्व का प्रतीक। आज भी अनेक स्थानों पर महिलाएँ पुलिस, सेना, चिकित्सक, सैनिकों को राखी बाँधती हैं। क्या ये किसी निर्भरता का संकेत है? नहीं – यह कर्तव्यबोध और उत्तरदायित्व का साझा बंधन है।

सनातन परंपरा में पर्व हैं मूल्य, न कि लिंग आधारित वर्चस्व रक्षाबंधन एक जीवंत सनातनी परंपरा है जो स्त्री और पुरुष को सहचर, सहयोगी और संरक्षक के रूप में देखती है – न कि वर्चस्वशाली और अधीन के रूप में। इसे पितृसत्ता से जोड़ना भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रति अन्याय है। यह पर्व नारी की रक्षा नहीं, नारी और पुरुष के परस्पर रक्षा-धर्म का उत्सव है। यह केवल एक राखी नहीं, अपितु सभ्यता की रक्षा का संकल्प है – जिसमें जनजाति, ग्रामीण, शहरी, सैनिक, विद्यार्थी सभी समान भाव से सहभागी होते हैं। यही समरसता है – यही सनातन है। **रक्षाबंधन एक सूत्र है – जो नारी को अबला नहीं, संस्कृति की सबला बनाता है।**

## संपादकीय

### गैरसैंणः स्थायी राजधानी का कभी न समाप्त होने वाला मुद्दा

उत्तराखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल का गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाए जाने को लेकर हाल ही में दिया गया बयान एक बार फिर इस पुराने मुद्दे को चर्चा में ले आया। उनका वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया, जिससे इस बहस ने फिर से जोर पकड़ लिया। यह बयान एक स्थानीय समाचार पत्र में छपी उस खबर पर आधारित था जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा था कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह गैरसैंण को उत्तराखंड की स्थायी राजधानी बनाएंगे। न्यायमूर्ति थपलियाल ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उत्तराखंड की जनता को इस मुद्दे पर लगातार गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर गैरसैंण को समय रहते राजधानी बना दिया गया होता तो राज्य का विकास आज कहीं बेहतर स्थिति में होता—जबकि वर्तमान में केवल देहरादून तक ही विकास सीमित है। गैरसैंण को राजधानी बनाने का विचार उस समय जन्मा था जब उत्तराखंड राज्य की मांग के लिए आंदोलन चल रहा था। अलग राज्य की अवधारणा के समय ही आंदोलनकारियों की यह स्पष्ट सोच थी कि राजधानी गैरसैंण में ही होनी चाहिए, ताकि पर्वतीय क्षेत्रों का संतुलित विकास हो सके। लेकिन जब नवंबर 2000 में उत्तराखंड राज्य अस्तित्व में आया, तब गैरसैंण में प्रशासनिक ढांचे की कमी के कारण राजनीतिक और नौकरशाही नेतृत्व ने देहरादून को अस्थायी राजधानी के रूप में स्वीकार कर लिया। समय के साथ, जब-जब राज्य या केंद्र में चुनाव आते हैं, गैरसैंण को राजधानी बनाने का मुद्दा फिर उठता है, लेकिन चुनावों के बाद यह ठंडे बस्ते में चला जाता है। उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी), जिसने राज्य आंदोलन की अगुवाई की थी, इस मुद्दे को उठाता रहा है, लेकिन बीजेपी और कांग्रेस के साथ गठबंधन करके और मंत्रीपदों का लाभ लेकर उसने अपनी राजनीतिक विश्वसनीयता खो दी। मामले को शांत करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित कर दिया। लेकिन यह केवल एक प्रतीकात्मक कदम ही बनकर रह गया। हालत यह है कि हाल ही में कुछ विधायकों ने ठंड के मौसम का हवाला देकर गैरसैंण में विधानसभा सत्र न कराने की मांग की। सोचने वाली बात है कि एक ऐसा राज्य जो मुख्य रूप से पर्वतीय क्षेत्रों के लिए बना था, आज उसके प्रतिनिधि ठंड का बहाना बना रहे हैं! 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत एक बार फिर गैरसैंण की बात कर रहे हैं—उन्हें पता है कि यह मुद्दा पहाड़ के लोगों की भावनाओं से जुड़ा है। लेकिन जनता उन्हें शायद ही गंभीरता से लेगी, क्योंकि जब उनके पास सत्ता थी, तब उन्होंने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। यदि गैरसैंण को राजधानी के रूप में विकसित किया जाए, तो यह न केवल आवश्यक बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा, बल्कि संस्थागत विकास, कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच, और सरकारी तंत्र को पर्वतीय इलाकों तक ले जाएगा। इसका सीधा असर राज्य के सामाजिक और आर्थिक संकेतकों पर पड़ेगा—सेवाओं की बेहतर आपूर्ति, और विकास कार्यों में स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी के रूप में।

## (आस्था)

### 26 या 27 अगस्त, किस दिन होगा बप्पा का आगमन? जानिए तिथि और गणपति स्थापना की सही विधि...

हिंदू धर्म में गणेश चतुर्थी पर्व का विशेष महत्व होता है। यह त्योहार भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को भगवान श्रीगणेश का जन्म हुआ था। इसलिए यह तिथि भगवान गणेश को समर्पित माना जाता है। इस खास मौके पर हर वर्ष इसी तिथि भक्त बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ अपने घरों, मंदिरों और पंडालों में गणपति बाप्पा की मूर्ति स्थापित करते हैं और 10 दिनों तक उनकी विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करते हैं। दस दिनों तक चलने वाला यह पर्व अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश विसर्जन के साथ समाप्त होता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि साल 2025 में गणेश चतुर्थी का पर्व किस दिन मनाया जाएगा? गणेश चतुर्थी 2025 की तिथि वैदिक पंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि का आरंभ 26 अगस्त 2025 को दोपहर 1 बजकर 55 मिनट पर होगा। वहीं, भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि का समापन अगले दिन यानी 27 अगस्त को शाम 4 बजकर 32 मिनट पर होगा। ऐसे में इस साल गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को मनाई जाएगी। आपको बता दें कि इस साल गणेश चतुर्थी का पर्व 27 अगस्त से शुरू होकर 6 सितंबर 2025 तक चलेगा। वैदिक पंचांग के अनुसार, इस साल गणेश चतुर्थी पर पूजा का शुभ मुहूर्त 27 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजकर 06 मिनट से दोपहर 1 बजकर 40 मिनट तक रहेगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मध्याह्न काल का समय भगवान गणेश की पूजा के लिए सबसे शुभ माना जाता है। धार्मिक मत है कि इसी समय श्री गणेश का जन्म हुआ था। गणेश चतुर्थी 2025 पर गणेश जी की स्थापना की सही विधि गणेश चतुर्थी के दिन पूजा और गणेश जी की स्थापना मध्याह्न मुहूर्त में ही करें। क्योंकि गणेश पूजन के लिए यह समय सबसे शुभ माना गया है। इस दिन एक साफ चौकी पर पीला या लाल कपड़ा बिछाएं। फिर उस पर भगवान गणेश की मूर्ति रखें। फिर उस पर अक्षत (चावल), हल्दी, कुमकुम और सुपारी अर्पित करें। उसके बाद गणपति जी के दाहिनी ओर एक तांबे या पीतल के कलश में शुद्ध जल भरकर रखें। गणेश जी के साथ ऋद्धि-सिद्धि स्वरूप दो सुपारियां भी रखें। स्थापना के समय अस्य प्राण प्रतिष्ठां तु, अस्य प्राणाः क्षरंतु च। श्री गणपते त्वं सुप्रतिष्ठ वरदे भवेताम॥ मंत्र का जाप करें।

## आज का राशिफल

### मेषः चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ।

**मेषः** रचनात्मक काम आपको सुकून देगा। आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है जिससे आपकी कई आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। अपने परिवार को पर्याप्त समय दें। उन्हें महसूस होने दें कि आप उनका खयाल रखते हैं। उनके साथ अच्छा वक़्त बिताएँ और शिकायत करने का मौका न दें। जब आप अपने प्रिय के साथ बाहर जाएँ तो अपने पहनावे और बरताव में नयापन रखें। कार्यक्षेत्र में आपको हर कोई गंभीरता से सुनेगा। चंद्रमा की स्थिति को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि आज आपके पास काफी खाली वक्त होगा लेकिन बावजूद इसके भी आप वो काम नहीं कर पाएंगे।

### वृषभ : उ, ई, ए, ओ, बा, बी, बे, बो।

**वृषभः** अपनी खुशियों को दूसरों के साथ साझा करना आपकी सेहत को भी बेहतर करेगा। लेकिन खयाल रखें कि इसे नजरअंदाज करना बाद में भारी पड़ सकता है। आपकी माता पक्ष से आज आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है। हो सकता है कि आपके मामा या नाना आपकी आर्थिक मदद करें। ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं। आपका प्रिय दिन भर आपको याद करने में समय बिताएगा। अहम योजनाओं को समय पर पूरा करके आप काफी लाभ हासिल करने में सफल रहेंगे।

### मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा।

**मिथुनः** आपको काफी समय से चल रही बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। कोई बेहतरीन नया विचार आपको आर्थिक तौर पर फायदा दिलायेगा। विवाद, मतभेद और दूसरों की आपमें कमियाँ निकालने की आदत को नजरअन्दाज करें। आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है। व्यवसाय के लिए अचानक की गयी कोई यात्रा सकारात्मक परिणाम देगी। सेमिनार और प्रदर्शनी आदि आपको नई जानकारियाँ और तथ्य मुहैया कराएंगे। जीवनसाथी से आपको अपने दिल की सारी बातें करने का भरपूर समय मिलेगा।

### कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो।

**कर्कः** चौकन्ने रहें, क्योंकि कोई आपको बलि का बकरा बना सकता है। तनाव और चिंता में इजाफा मुमकिन है। अपने अतिरिक्त धन को सुरक्षित जगह पर रखिए, जो आने वाले वक़्त में आप फिर पा सकें। घर के माहौल की वजह से आप उदास हो सकते हैं। आप अपने प्रिय की बांहों में आराम महसूस करेंगे। कुछ लोगों को व्यापारिक और शैक्षिक लाभ मिलेगा। बिना किसी पूर्व सूचना के आज आपका कोई रिश्तेदार आपके घर पधार सकता है जिसकी वजह से आपका कीमती समय उनकी खातिरदारी में जाया हो सकता है। अपने साथी पर किया गया संदेह एक बड़ी लड़ाई का रूप ले सकता है।

### सिंहः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे।

**सिंहः** मानसिक तौर पर आप स्थिर महसूस नहीं करेंगे- इसलिए इस बात का खयाल रखें कि दूसरों के सामने आप कैसे बर्ताव करते और बोलते हैं। आपको मेरी सलाह है कि शराब सिगरेट जैसी चीजों पर पैसा खर्च न करें, ऐसा करना आपके स्वास्थ्य को तो खराब करता ही है आपकी आर्थिक स्थिति भी इससे बिगड़ती है। घरेलू जिंदगी सुकूनभरी और खुशनुमा रहेगी। आज वे कपड़े न पहनें जो आपके प्रिय को पसंद न हों, नहीं तो मुमकिन है कि वो आहत महसूस करे। कामकाज में थोड़ी मुश्किल के बाद आपको दिन में कुछ अच्छा देखने को मिल सकता है।

### कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

**कन्याः** सामाजिक मेलजोल से ज्यादा सेहत को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। आपका धन आपके काम तभी आता है जब आप फिजूलखर्ची करने से खुद को रोकते हैं आज ये बात आपको अच्छी तरह से समझ में आ सकती है। जिन लोगों से आपकी मुलाकात कभी-कभी ही होती है, उनसे बातचीत और संपर्क करने के लिए अच्छा दिन है। एक बार आप अपने हमकदम को हासिल कर लें, तो ज़िन्दगी में किसी और की जरूरत नहीं होती। इस बात को आज आप गहराई से महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके कामकाज की सराहना होगी।

### तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते।

**तुलाः** अपनी बीमारी के बारे में चर्चा करने से बचें। खराब तबियत से ध्यान हटाने के लिए कोई और दिलचस्प काम करें। क्योंकि इस बारे में आप जितनी ज्यादा बातें करेंगे, उतनी ही ज्यादा तकलीफ आपको होगी। धन से जुड़ा कोई मसला आज हल हो सकता है और आपको धन लाभ हो सकता है। किसी धार्मिक स्थल या संबंधी के यहाँ जाने की संभावना है। किसी तीसरे इंसान का दखल आपके और आपके प्रिय के बीच गतिरोध पैदा करेगा। जो भी आप आज करेंगे, आप हमेशा प्रभावशाली स्थिति में रहेंगे। सेमिनार और प्रदर्शनी आदि आपको नई जानकारियाँ और तथ्य मुहैया कराएंगे।

### वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू।

**वृश्चिकः** सेहत बढ़िया रहेगी। आपका धन कहां खर्च हो रहा है इसपर आपको नजर बनाए रखने की जरुरत है नहीं तो आने वाले समय में आपको परेशानी हो सकती है। जितना आपने सोचा है, आपके दोस्त उससे ज्यादा मददगार साबित होंगे। आपका बेपनाह प्यार आपके प्रिय के लिए बेहद कीमती है। नई शुरू की परियोजनाएँ उम्मीद के मुताबिक परिणाम नहीं देंगी। कर्म-काण्ड/हवन/पूजा-पाठ आदि का आयोजन घर मे होगा। आपका जीवनसाथी वाकई आपके लिए फरिश्तों की तरह है और आपको आज यह एहसास होगा।

### धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे।

**धनुः** नफरत को दूर करने के लिए संवेदना का स्वभाव अपनाएँ, क्योंकि नफरत की आग बहुत ज्यादा ताकतवर है और मन के साथ शरीर पर भी बुरा असर डालती है। याद रखें कि बुराई अच्छाई से ज्यादा आकर्षक जरूर दिखाई देती है, लेकिन उसका असर खराब ही होता है। व्यापार में आज अच्छा खास मुनाफा होने की संभावना है। आज के दिन आप अपने बिजनेस को नई ऊंचाईयां दे सकते हैं। परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व होगा। अगर आप अपने प्रेमी के साथ कहीं बाहर घूमने जा रहे हैं तो कपड़े सोच-समझकर पहनें।

### मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी।

**मकरः** दोस्तों के साथ शाम अच्छी रहेगी लेकिन ज्यादा खाने से बचें क्योंकि यह आपकी अगली सुबह खराब कर सकती है। भाई बहनों की मदद से आज आपको आर्थिक लाभ मिल पाएगा। अपने भाई बहनों की सलाह लें। घर पर आपके बच्चे आपके सामने किसी समस्या को तिल का ताड़ बनाकर पेश करेंगे- कोई भी कदम उठाने से पहले तथ्यों की भली-भांति पड़ताल कर लें। आपके प्यार को न सुनना पड़ सकता है। खुद को अभिव्यक्त करने के लिए अच्छा समय है- और ऐसे प्रोजेक्ट पर काम कीजिए, जो रचनात्मक हों।

### कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा।

**कुंभः** मानसिक शान्ति के लिए तनाव के कारणों का समाधान करें। दिन के दूसरे हिस्से में आर्थिक तौर पर फायदा होगा। एक बेहतरीन शाम के लिए रिश्तेदार/दोस्त घर आ सकते हैं। जो भी बोलें, सोच-समझकर बोलें। क्योंकि कड़वे शब्द शांति को नष्ट करके आपके और आपके प्रिय के बीच दरार पैदा कर सकते हैं। कुछ सहकर्मी कई अहम मुद्दों पर आपकी कार्यशैली से नाखुश होंगे, लेकिन यह वे आपको बताएंगे नहीं। अगर आपको लगता है कि परिणाम आपकी उम्मीद के मुताबिक नहीं आ रहे हैं।

### मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची।

**मीनः** रचनात्मक काम आपको सुकून देगा। आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है जिससे आपकी कई आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। अपने परिवार को पर्याप्त समय दें। उन्हें महसूस होने दें कि आप उनका खयाल रखते हैं। उनके साथ अच्छा वक़्त बिताएँ और शिकायत करने का मौका न दें। जब आप अपने प्रिय के साथ बाहर जाएँ तो अपने पहनावे और बरताव में नयापन रखें। कार्यक्षेत्र में आपको हर कोई गंभीरता से सुनेगा। चंद्रमा की स्थिति को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि आज आपके पास काफी खाली वक्त होगा।



# ये है मौत की कुर्सी, इसपर बैठने वाला नहीं बचता जिंदा

क्या कभी आपने मौत की कुर्सी देखी है। मतलब ऐसी कुर्सी, जिसपर बैठने वाले की मौत हो जाती है। यकीनन आपने ऐसी किसी कुर्सी के बारे में कभी नहीं सुना होगा, लेकिन हम आपको बता दें कि ऐसी रहस्यमयी कुर्सी इंग्लैंड में मौजूद है। इस कुर्सी को शापित कुर्सी माना जाता है। यह कुर्सी इंग्लैंड के सर्कस म्यूजियम में रखी हुई है। कहते हैं कि इसे जमीन से करीब छह फीट की ऊंचाई पर रखा गया है, ताकि गलती से भी इसपर कोई बैठ न जाए। बताया जाता है कि यह रहस्यमयी कुर्सी थॉमस बस्बी नाम के शख्स की है। थॉमस को यह कुर्सी इतनी पसंद थी कि वो उसपर किसी और को बैठा नहीं देख सकते। कहते हैं कि साल 1702 में थॉमस की इस पसंदीदा कुर्सी पर उनके ससुर बैठ गए थे, जिससे नाराज होकर थॉमस ने उनकी हत्या कर दी थी। इसके बाद से इस कुर्सी पर बैठने की हिम्मत किसी की नहीं हुई। कहा जाता है कि मरते समय थॉमस ने ये श्राप दिया था कि उनकी इस कुर्सी पर जो भी बैठेगा, उसकी मौत हो जाएगी। हालांकि बाद में लोगों ने इसपर कुछ खास ध्यान नहीं दिया। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान इस कुर्सी को एक पब में रखा गया था, जिसे हॉट सीट नाम दिया गया था। कहते हैं कि इस कुर्सी पर बैठने वालों की जब लगातार मौत होने लगी तो उसे वहां से हटा दिया गया। तब तक इसपर बैठ कर 60 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके थे। यह कुर्सी अभी भी रहस्यमयी बनी हुई है।



# आखिर विज्ञापनों में 10.10 का ही समय क्यों दिखाती हैं घड़ियां? ये हैं वो वजहें

घड़ियों के विज्ञापन तो आपने बहुत देखे होंगे। अक्सर विज्ञापन वाली घड़ियों में 10.10 का ही समय दिखता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा क्यों है? कंपनियों के ऐसा करने के पीछे पांच कारण हो सकते हैं, जिनके बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं। ऐसा कहा जाता है कि 10 बजकर 10 मिनट पर घड़ी की सुइयां एक संतुलित आकार में होती हैं और मनोविज्ञान के अनुसार लोग संतुलित चीजों को ही देखना ज्यादा पसंद करते हैं। जब आप 10.10 के समय वाली घड़ी देखेंगे, तो आपको ऐसा लगेगा कि घड़ी मुस्कुरा रही है। आपने हंसने वाली स्माइली जरूर देखी होगी। घड़ी उस वक्त बिलकुल ऐसी ही प्रतीत होती है। घड़ी में जब 10 बजकर 10 मिनट हो रहे होते हैं, तब एक संकेत वहां दिखता है V का। ये संकेत विजय और जीत का होता है। इसीलिए घड़ी कंपनियां विज्ञापनों में इस समय को दिखाती हैं। 10 बजकर 10 मिनट पर घड़ी पर मौजूद बाकी सारी चीजें, जैसे ब्रांड का नाम, कंपनी का लोगो साफ-साफ दिखता है। इसलिए ये एक कारण भी हो सकता है घड़ी में अक्सर ये समय दिखाने का। कुछ लोगों का ऐसा भी मानना है कि जिस वक्त पहली घड़ी बनी थी, उस वक्त यही समय हो रहा था। इसलिए घड़ी का डिफॉल्ट समय 10.10 ही सेट कर दिया गया है।




# लोगों को आत्महत्या करने पर मजबूर करते हैं जापान का ऑकिगहरा जंगल

**जापान की राजधानी टोक्यो से महज 2 घंटे दूर ऑकिगहरा नाम का एक जंगल है. यह एक ऐसी रहस्यमयी जगह है कई लोग आत्महत्या करने जाते हैं. लोगों का मानना है कि जंगल में भूत निवास करते हैं, जो आने वाले लोगों को आत्महत्या करने पर मजबूर करते हैं.**




जापान की राजधानी टोक्यो से महज 2 घंटे दूर एक जंगल के बाहर ऐसा ही साइनबोर्ड लगा हुआ है. आमतौर पर जंगल में खतरनाक जानवरों से सावधान रहने की सलाह दी जाती है. लेकिन जापान के ऑकिगहरा नाम के जंगल में लोगों को आत्महत्या न करने पर जोर दिया जाता है. आइए जानते हैं उस रहस्यमयी जगह के बारे में जो दुनिया के सबसे मशहूर सुसाइड पॉइंट में से एक है.

ऑकिगहरा जंगल लगभग 35 स्क्वायर किमी के बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है. यह इतना घना है कि इसे 'पेड़ों का समंदर' भी कहा जाता है. कई लोग यहां हाईकिंग करने और साफ हवा लेने आते हैं. लेकिन सभी पर्यटकों के इरादे इतने नेक नहीं होते. 2013-2015 के बीच यहां 100 से ज्यादा आत्महत्याओं की खबर आई थी. जापान की सरकार अब लोगों को आत्महत्या करने से रोकने के प्रयास में ऑकिगहरा में होने वाली आत्महत्याओं के आंकड़े नहीं देती है.

## सुसाइड फॉरेस्ट

सेन फ्रांसिस्को के गोल्डन गेट ब्रिज के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा आत्महत्या के मामले ऑकिगहरा जंगल में आए हैं. यही वजह है कि इस जंगल को 'सुसाइड फॉरेस्ट' कहते हैं. हालांकि, यह हमेशा ऐसा नहीं था. इतिहास के पन्ने पलटें तो लगभग हजार साल पहले यहां बस बहता हुआ लावा था. दरअसल, साल 864 में जापान के माउंट फ़ूजी में 6 महीने तक भयंकर विस्फोट हुआ था. उस दौरान आसपास के कई गांव दब गए. पिछले कई सौ सालों में, उस जमे हुए लावा की जगह एक उलझे हुए घने जंगल ने ले ली है. इसी जंगल को आज ऑकिगहरा नाम से जाना जाता है.

## ऑकिगहरा जंगल में ही क्यों करते हैं आत्महत्या?

ऑकिगहरा का जिक्र 1960 की पॉपुलर शॉर्ट स्टोरी में भी है. कहानी प्रेमियों की एक जोड़ी पर केंद्रित है, जिन्हें समाज मिलने से रोकता है. अंत में मुख्य महिला पात्र जंगल में जाती है और अपनी जान ले लेती है. जापान में प्यार में जान देने वाली लोककथाएं पहले से ही काफी प्रचलित हैं. इन तरह की कहानियों ने उस सोच को और बल दिया है. लेकिन ऑकिगहरा जंगल में आत्महत्या करने की केवल ये एक वजह नहीं है. झ ऑकिगहरा जंगल लगभग 35 स्क्वायर किमी क्षेत्र में फैला हुआ है. 'जीने की इच्छा खत्म हो गई' 2009 में एक ऐसे व्यक्ति का इंटरव्यू किया था जिसने ऑकिगहरा में अपना जीवन खत्म करने की कोशिश की थी. उस शख्स के जीने की इच्छा खत्म हो गई थी. उसे उसकी नौकरी से निकाल दिया गया था और वो जंगल में आत्महत्या करके धरती से गायब होना चाहता था. हालांकि, वो इसमें कामयाब नहीं हो पाया. शख्स ने जंगल में पहुंचकर अपनी कलाई काटी थी लेकिन घाव घातक नहीं थे. वह बेहोश होकर लगभग मर गया था लेकिन एक यात्री ने उसे ढूंढ लिया और बचा लिया.

## मायावी शक्तियों का असर

रहस्यमय जंगल में मायावी शक्तियों के होने का दावा भी किया जाता है. लोगों का मानना है कि जंगल में भूत निवास करते हैं, जो आने वाले लोगों को आत्महत्या करने पर मजबूर करते हैं. एक तर्क ये भी दिया जाता है कि ऑकिगहरा के घने जंगल में अगर कोई एक बार खो जाता है तो बाहर निकल पाना काफी ज्यादा मुश्किल होता है. यहां कंपस या फिर मोबाइल जैसे उपकरण भी काम नहीं करते. रास्ता मिलने से पहले कई लोग जंगली जानवरों के खाने का शिकार हो जाते हैं.





# यहां होती है चमगादड़ों की पूजा

वैसे तो आपने चमगादड़ों को देखा होगा, लेकिन बिहार के वैशाली जिले के राजापाकर प्रखंड के सरसई गांव में चमगादड़ों की न केवल पूजा होती है, बल्कि लोग मानते हैं कि चमगादड़ उनकी रक्षा भी करते हैं। इन चमगादड़ों को देखने के लिए भीड़ लगी रहती है। यहां लोगों की मान्यता है कि चमगादड़ समृद्धि की प्रतीक देवी लक्ष्मी के समान हैं।

सरसई गांव के एक बुजुर्ग गणेश सिंह का मानना है कि चमगादड़ों का जहां वास होता है, वहां कभी धन की कमी नहीं होती। ये चमगादड़ यहां कब से हैं, इसकी सही जानकारी किसी को भी नहीं है। गांव के एक प्राचीन तालाब (सरोवर) के पास लगे पीपल, सेमर तथा बथुआ के पेड़ों पर ये चमगादड़ बसेरा बना चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस तालाब का निर्माण तिरहुत के राजा शिव सिंह ने वर्ष 1402 में करवाया था। करीब 50 एकड़ में फैले इस भूभाग में कई मंदिर भी स्थापित हैं।

उन्होंने बताया कि रात में गांव के बाहर किसी भी व्यक्ति के तालाब के पास जानं के बाद ये चमगादड़ चिल्लाने लगते हैं, जबकि गांव का कोई भी व्यक्ति के जाने के बाद चमगादड़ कुछ नहीं करते। उन्होंने दावा किया कि यहां कुछ चमगादड़ों का वजन पांच किलोग्राम तक है।

सरसई पंचायत के मुखिया बताते हैं कि सरसई के पीपलों के पेड़ों पर अपना बसेरा बना चुके इन चमगादडों की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है। गांव के लोग न केवल इनकी पूजा करते हैं, बल्कि इन चमगादड़ों की सुरक्षा भी करते हैं। यहां के ग्रामीणों का शुभ कार्य इन चमगादड़ों की पूजा के बगैर पूरा नहीं माना जाता। जनश्रुतियों के मुताबिक, मध्यकाल में वैशाली में महामारी फैली थी, जिस कारण बड़ी संख्या में लोगों की जान गई थी। इसी दौरान बड़ी संख्या में यहां चमगादड़ आए और फिर ये यहीं के होकर रह गए। इसके बाद से यहां किसी प्रकार की महामारी कभी नहीं आई। चमगादड़ों के शरीर से जो गंध निकलती है, वह उन विषाणुओं को नष्ट कर देती है जो मनुष्य के शरीर के लिए नुकसानदेह माने जाते हैं। यहां के ग्रामीण इस बात से खफा हैं कि चमगादड़ों को देखने के लिए यहां सैकड़ों पर्यटक प्रतिदिन आते हैं, लेकिन सरकार ने उनकी सुविधा के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। इतनी बड़ी संख्या में चमगादड़ों का वास न केवल अभूतपूर्व है, बल्कि मनमोहक भी है, लेकिन यहां साफ -सफाई और सौंदर्यीकरण की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को पर्यटनस्थल के रूप में विकसित कराने के लिए पिछले 15 वर्षो से प्रयास किया जा रहा है, मगर अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।





# जापान के इस बार में बॉडीबिल्डर महिलाओं से पिटने के लिए ग्राहक देते हैं पैसा

**कोई भी इंसान अपने शहर या दूसरी जगहों के रेस्तरां या बार में अच्छा खाने के लिए जाता है. लेकिन जापान का एक बार ऐसा है, जहां पर ग्राहक महिलाओं के हाथों से मार खाने का पैसा देते हैं.**


आप किसी भी रेस्तरां या बार में क्यों जाते हैं? अमूमन लोग इसका जवाब देंगे कि अच्छा खाने और अच्छी ड्रिंक पीने के लिए जाते हैं. लेकिन आज हम आपको एक ऐसे बार के बारे में बताएंगे, जहां पर लोग खाने-पीने के साथ मार खाने के लिए भी जाते हैं. जी हां, जापान में एक ऐसा बार है, जहां पर पुरुष महिलाओं से मार खाने के लिए बार जाते हैं. जानिए आखिर इस बार में ये कल्चर कहां से आया और इसे इतना पसंद क्यों किया जा रहा है. किसी भी देश के बार या रेस्टोरेंट में लोग अच्छा खाने और घूमने के लिए ही जाना चाहते हैं. लेकिन आपको सुनकर आश्चर्य होगा कि जापान के एक बार में लोग मार खाने के लिए जाते हैं. इतना ही नहीं ग्राहकों को मारने के लिए यहां पर कई बॉडीबिल्डर महिलाओं को नियुक्त भी किया गया है. ये सभी महिलायें ग्राहकों को थप्पड़ और लातें मारकर अपनी मेहमान-नवाजी दिखाती हैं.

बता दें कि जापान के टोक्यो स्थित एक बार का नाम मसल गर्ल्स बार है, जो फिटनेस थीम पर बना है. इस बार में ब्राजीलियाई जिउ-जित्सु अभ्यासकर्ता, फिटनेस के प्रति जागरुक महिलायें, पेशेवर महिला पहलवान और अभिनेत्रियां वेट्रेस के रूप में काम करती हैं. इस बार में ग्राहक वेट्रेस द्वारा थप्पड़ खाने, लात खाने या उठाकर पटके जाने जैसी सेवाओं के लिए उन्हें पैसे देते हैं. इतना ही नहीं ग्राहक जापानी येन खर्च करके मसल मनी खरीद सकते हैं, जो मार खाने के लिए वेट्रेस को दी जाती है.

जानकारी के मुताबिक इस बार की मालकिन का नाम हरि है, जो कि एक पूर्व फिटनेस यूट्यूबर हैं. 2020 में उनका जिम बंद होने के बाद हरि ने बार खोला था. इन महिलाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली पिटाई की व्यक्तिगत सेवाओं की लागत 30,000 येन यानि करीब 17,000 रुपये तक हो सकती है. इतना ही नहीं स्क्वाट करते समय ग्राहक इन महिलाओं के कंधों पर भी सवारी कर सकते हैं, जिसका शुल्क ग्राहक के वजन के आधार पर अलग-अलग होता है.

## मार खाने के पैसे

इस बार में थप्पड़ खाने के बाद पुरुष ग्राहक अपनी परेशानियां भी भूल जाते हैं. जानकारी के मुताबिक हरि ने एक आस्ट्रेलियन ग्राहक को थप्पड़ मारा था, जिसके बाद अन्य ग्राहक उनसे थप्पड़ खाने के लिए आने लगे थे. हिकारु नामक एक जापानी ग्राहक ने कहा कि थप्पड़ खाने के बाद मैं अपनी सारी परेशानियां भूल गया था. इस बार में मेक्सिको, डेनमार्क और जर्मनी समेत कई देशों से ग्राहक आते हैं. पुरुषों के अलावा जापानी महिलायें भी इस बार में काम करने वाली महिलाओं को पसंद करती हैं.



## संक्षिप्त समाचार

### उद्धव और राज ठाकरे मिलकर लड़ेंगे निकाय चुनाव, संजय राउत ने बताया गठबंधन तय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजनीति में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की एकता पर मुहर लग गई है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना के नेता संजय राउत ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि निश्चित तौर पर उद्धव सेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना मिलकर चुनाव लड़ेंगे। संजय राउत ने कहा कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज की मनसे मिलकर राज्य के स्थानीय निकाय चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह एकता निश्चित तौर पर होगी और मिलकर स्थानीय चुनाव लड़ेंगे। ऐसा हुआ तो दशकों बाद ठाकरे परिवार में एकता होगी और वे राजनीतिक तौर पर भी एकजुट होकर लड़ेंगे। चचेरे भाई उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे महीनों की अटकलों के बाद जुलाई में एक साथ आए थे। दोनों ने महाराष्ट्र सरकार की त्रिभाषा नीति और हिंदी भाषा थोपने का विरोध करते हुए एक साझा रैली की थी। इसके अलावा निर्णय वापस लिए जाने के बाद संयुक्त विजय कार्यक्रम भी आयोजित किया। इसी संबंध में मीडिया से बात करते हुए संजय राउत ने एक साथ चुनाव लड़ने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि दोनों परिवार एक साथ बैठेंगे और साथ चुनाव लड़ने पर चर्चा करेंगे। मुंबई निकाय चुनाव और अन्य नगर निकायों के चुनाव आगामी महीनों में होने वाले हैं। राउत ने कहा कि चचेरे भाइयों के बीच सुलह के बाद से उद्धव की शिवसेना और मनसे के कार्यकर्ताओं को विश्वास है कि गठबंधन मुंबई, पुणे, नासिक, छत्रपति संभाजीनगर, ठाणे और कल्याण-डोंबिवली के नगर निकायों में बहुमत हासिल करेगा। राज ठाकरे 2005 में अपने चचेरे भाई के साथ कथित तौर पर मतभेद के चलते शिवसेना से अलग हो गए थे और मनसे का गठन किया था। तब से, चचेरे भाइयों के नेतृत्व वाली दोनों पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ती रही हैं।

### मुंबई में क्रिकेट कोच ने छात्रा का यौन उत्पीड़न किया, गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के पूर्वी उपनगर में एक क्रिकेट कोच को 13 वर्षीय छात्रा के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी देवनार थाने के अंतर्गत आने वाले नगर निकाय के मैदान में बच्चों को क्रिकेट खेलना सिखाता है और घाटकोपर निवासी लड़की उसके पास प्रशिक्षण के लिए आती थी। उन्होंने बताया कि 40 वर्षीय आरोपी ने कुछ दिन पहले लड़की का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया और उसने सोमवार को भी यह हरकत दोबारा की। अधिकारी ने बताया कि लड़की ने अपने माता-पिता को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद शिकायत दर्ज कराई गई और घाटकोपर में पंतनगर पुलिस ने शून्य प्राथमिकी दर्ज की, जिसे जांच के लिए देवनार थाने को भेज दिया गया।

### स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली विधानसभा के आम जनता के लिए खुलने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए एक विशेष पहल के तहत, दिल्ली विधानसभा को 14 और 15 अगस्त को आम जनता के लिए खोल जा सकता है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुराने सचिवालय परिसर में स्थित ऐतिहासिक विधानसभा भवन में आम लोग जा सकेंगे और विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की संभावना है। दिल्ली पुलिस बैंड भी कार्यक्रम स्थल पर प्रस्तुति देगा। अधिकारियों ने बताया कि आयोजन स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी तथा तौर-तरीकों पर काम किया जा रहा है।

### दिल्ली विश्वविद्यालय में 71,000 से अधिक विद्यार्थियों ने स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिल लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने मंगलवार को अपने आवंटनों की नवीनतम सूची जारी होने के बाद सूचना जारी की कि अब तक 71,000 से अधिक विद्यार्थियों को स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला मिल चुका है। विश्वविद्यालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार उसके 69 कॉलेजों में79 स्नातक पाठ्यक्रमों में कुल 71,130 दाखिले हो चुके हैं। मौजूदा शैक्षणिक सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय में कुल 71,624 स्नातक सीट उपलब्ध हैं।

# हिमाचल में सरकारी जमीन से कब्जा होगा खत्म, हाई कोर्ट का बड़ा फैसला



**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों को तगड़ा झटका लगा है। मंगलवार को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में हिमाचल प्रदेश लैंड रेवेन्यू एक्ट, 1954 की धारा 163-ए को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया। इस धारा के तहत सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों को नियमित करने का प्रावधान था। अब सरकार को इन कब्जों को हटाने के लिए तेजी से कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच, जिसमें जस्टिस विवेक ठाकुर और जस्टिस बिपिन चंदर नेगी शामिल थे, ने साफ कहा, धारा 163-ए पूरी तरह से मनमानी और असंवैधानिक है। इसके साथ ही इस धारा के तहत बनाए गए नियमों को भी रद्द कर दिया गया। कोर्ट ने इस प्रावधान को संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन माना, जो कानून के समक्ष समानता की गारंटी देता है। कोर्ट ने टिप्पणी की, यह प्रावधान बेईमान लोगों के लिए बनाया गया कानून है और अवैधता में समानता का दावा नहीं किया जा सकता। सरकार ने इसे लेकर अपने जवाब में चौंकाने वाले आंकड़े पेश किए हैं। हिमाचल में सरकारी जमीनों पर लगभग 57,549 कब्जे हैं, जो करीब 1,23,835 बीघा यानी 10,320 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले हैं। 15 अगस्त 2002 तक कब्जों को नियमित करने के लिए 1,67,339 आवेदन प्राप्त हुए थे। इस विशाल स्तर के अतिक्रमण को देखते हुए कोर्ट ने सरकार को आपराधिक अतिक्रमण से संबंधित कानून में संशोधन करने का सुझाव दिया।

हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि वह धारा 163-ए के तहत आने वाले सभी अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई जल्द से जल्द शुरू करे। इसकी डेडलाइट 28 फरवरी 2026 तय की गई है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अतिक्रमण हटाने के खिलाफ दिए गए सभी स्थगन आदेश स्वतः रद्द माने जाएंगे।

कोर्ट ने सरकार को नगर पंचायत, नगर परिषद और नगर निगम के अधिकारियों, साथ ही संबंधित कार्यकारी अधिकारियों/आयुक्तों पर अतिक्रमण की सूचना देने और उसे हटाने की कार्रवाई शुरू करने की जिम्मेदारी सौंपने का निर्देश दिया। इसके लिए संबंधित कानून और नियमों में उचित संशोधन करने को कहा गया है। हाईकोर्ट ने महाधिवक्ता को इस फैसले की प्रति तुरंत मुख्य सचिव और सभी संबंधित अधिकारियों को भेजने का निर्देश दिया, ताकि त्वरित अनुपालन सुनिश्चित हो। 1983 से अब तक कई सरकारों ने अतिक्रमणों को नियमित करने के लिए अधिसूचनाएं जारी कीं। 4 जुलाई, 1983 की अधिसूचना में 5 बीघा तक के कब्जे को मात्र 50 रुपये प्रति बीघा की नाममात्र फीस पर नियमित करने की अनुमति दी गई थी। साल 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के पहले कार्यकाल में धारा 163-ए को पेश किया गया, जिसका उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों की मदद करना बताया गया था।

## 9 और 10 अगस्त को पूरे राजस्थान में रोडवेज की साधारण बसों में महिलाएं और बालिकाएं फ्री यात्रा करेंगी

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की सड़कों पर इस रक्षाबंधन कुछ अलग ही मंजर देखने को मिलेगा। बसें भरेंगी, महिलाएं सफर करेंगी, ड्राइवर-परिचालक अपनी सीटों पर मुस्तैद होंगे... लेकिन टिकट काउंटर पूरी तरह खाली। कोई पूछने वाला नहीं होगा कि टिकट कहां है, कोई जेब से किराया नहीं निकालेगा। क्योंकि 9 और 10 अगस्त को पूरे राजस्थान में रोडवेज की साधारण बसों में महिलाएं और बालिकाएं फ्री यात्रा करेंगी। अनुमान है कि इस अनोखी योजना से करीब 8.5 लाख महिलाएं लाभान्वित होंगी। यह कोई अफवाह नहीं, कोई शरारती मैसेज भी नहीं। खुद राज्य सरकार ने इसकी घोषणा की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम 'मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन - आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान' के मंच से इसका ऐलान किया। सीएम ने कहा - सावन का महीना बहनों के मन में उल्लास भरता है। हर बहन चाहती है कि वो अपने भाई के घर जाए, रक्षाबंधन मनाए। सरकार इस भाव को और मजबूत करने के लिए रोडवेज बसों में महिलाओं को दो दिन मुफ्त यात्रा की सुविधा दे रही है। अब सोचिए - 8.5 लाख महिलाएं, दो दिन, और एक ही व्यवस्था। क्या होगा जब पूरे प्रदेश की महिलाएं बस स्टैंड की तरफ रुख करेंगी? सीट पाने की जद्दोजहद होगी, बसों में भीड़ होगी, लेकिन काउंटर पर न कोई लाइन होगी न किराया। रोडवेज प्रबंधन भी इस भीड़ को लेकर पूरी तरह अलर्ट मोड में है। राजस्थान रोडवेज के प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा के मुताबिक - हर साल की तरह इस बार भी रक्षाबंधन पर महिलाओं को फ्री यात्रा का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया था, जिसे मंजूरी मिल गई है। योजना का अनुमानित वित्तीय भार करीब 14 करोड़ रुपए है, जो राज्य सरकार उठाएगी।ध्यान रखने वाली बात ये है कि ये सुविधा केवल राजस्थान की सीमा में चलने वाली साधारण (नॉन-एसी) बसों में ही लागू होगी। वॉल्वो, एसी और ऑल इंडिया परमिट वाली बसों में फ्री यात्रा का लाभ नहीं मिलेगा। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को यात्रा के दौरान अपना कोई भी पहचान पत्र साथ रखना होगा, ताकि जरूरत पड़ने पर दिखा सकें।

## कांग्रेस सांसद की चेन छीनने वाला पकड़ा गया, दिल्ली पुलिस ने सुलझा लिया केस



**दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में कांग्रेस सांसद आर सुधा की चेन छीनकर फरार होने वाले बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया है। दिल्ली पुलिस ने छीनी गई चेन भी बरामद कर ली है। मामले की जांच जारी है। इस मामले में और जानकारी मिल सकती है। बता दें कि आर सुधा ने अपने साथ हुई इस घटना के लिए गृह मंत्री अमित शाह को पत्र भी लिखा था और आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की थी।

दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस सांसद से हुई चेन स्नैचिंग की घटना का खुलासा करते हुए बताया कि हमने कांग्रेस सांसद आर.सुधा के साथ हुई चेन स्नेचिंग का मामला सुलझा लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और छीनी गई चेन बरामद कर ली गई है। मामले की जांच जारी है और जल्द ही और जानकारी मिलने की उम्मीद है। बता दें कि आर.सुधा तमिलनाडु के मयिलादुथुरई लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। सोमवार को तमिलनाडु से कांग्रेस सांसद सुधा,तमिलनाडु भवन के पास सुबह की सैर पर थीं,तभी एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति उनकी सोने की चेन छीनकर और उनके कपड़े फाड़कर भाग गया। उन्हें मामूली चोटें भी आई हैं। उन्होंने दिल्ली की कानीन व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा था कि जब एक महिला सांसद के साथ ऐसी घटना हो सकती है,तो आमजन कैसे सुरक्षित रहेंगे।

सांसद प्रियंका गांधी ने भी इस घटना पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस जगह पर वह टहल रही थीं,वह दूतावासों के पास का इलाका है और आमतौर पर सुरक्षित माना जाता है,इसलिए यह घटना हैरान करने वाली है। दुर्भाग्य से,जब उन्होंने वहां खड़ी पुलिस की गाड़ी से संपर्क किया,तो उन्होंने ज्यादा प्रतिक्रिया नहीं दी।

# दो मुल्कों में तकरार, पर पीएम मोदी की पाकिस्तान वाली बहन राखी के लिए तैयार



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पाकिस्तान में जन्मी मुंहबोली बहन राखियों के साथ तैयार हैं। खबर है कि वह प्रधानमंत्री कार्यालय से न्योता मिलने का इंतजार कर रही हैं। खास बात है कि यह सिलसिला बीते 30 सालों से चला आ रहा है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और इसके बाद ऑपरेशन सिंदूर की जवाबी कार्रवाई के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्ते तल्ख बने हुए हैं।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी की मुंहबोली बहन कमर मोहसिन शेख ने इस बार दो राखियां तैयार की हैं। इनमें ओम और भगवान गणेश की तस्वीर हैं। फिलहाल, वह पीएमओ से हरी झंडी मिलने का इंतजार कर रही हैं। शेख का जन्म पाकिस्तान के कराची में हुआ था, लेकिन साल 1981 में शादी के बाद वह भारत आ गई थीं। उन्होंने चैनल को बताया कि वह कभी भी बाजार से राखी नहीं खरीदती हैं, बल्कि हर साल खुद ही तैयार करती हैं। इसके बाद इनमें से एक पीएम मोदी के लिए चुनती हैं।

वह बताती हैं कि भाई-बहन के रिश्ते की शुरुआत पीएम मोदी के ऋरूस यानी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक के दिनों में हुई थी। शेख ने कहा कि एक बार मोदी ने उनसे पूछा था कि वह कैसी हैं। इस छोटी से मुलाकात से रिश्ता शुरू हुआ और हर साल वह राखी भेजती हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शेख का दावा है कि वह पहली बार पीएम मोदी से साल 1990 में मिली थीं। गुजरात के तत्कालीन राज्यपाल डॉक्टर स्वरूप सिंह ने उनकी मुलाकात कराई थी। उनका दावा है कि एयरपोर्ट पर सिंह ने कहा था कि वह कमर को अपनी बेटी की तरह मानते हैं, तो इस पर मोदी ने जवाब दिया कि वह उन्हें अपनी बहन मानेंगे।

**पहले सीएम और फिर पीएम बनने की प्रार्थना:** बातचीत के दौरान उन्होंने वो किस्सा भी याद किया जब वह मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के लिए प्रार्थना कर रहीं थीं। जब वह सीएम बने, तो मोदी ने पूछा कि अब क्या दुआ करेंगा, तो इसपर शेख ने जवाब दिया कि वह चाहती हैं कि वह भारत के पीएम बनें।

# पेड़ों की अवैध कटाई के खिलाफ धरने पर बैठे विधायक रविंद्र सिंह भाटी थाना इंचार्ज पर भड़के



**बाड़मेर, एजेंसी।**
बाड़मेर जिले के शिव क्षेत्र में खेजड़ी के पेड़ों की कटाई को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। सोलर प्लांट के लिए हो रही पेड़ों की अवैध कटाई के खिलाफ धरने पर बैठे शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी सोमवार को शिव थाना इंचार्ज सत्यप्रकाश पर भड़क गए। उन्होंने एसएचओ से तीखे सवाल किए और यहां तक कह डाला - दादागीरी करोगे क्या? ये ऑफिस मैं बंद कराऊं क्या?


मामला बरियाड़ा गांव का है, जहां खेजड़ी के पेड़ों की कटाई को लेकर ग्रामीणों का विरोध चल रहा है। इसी सिलसिले में 4 अगस्त की दोपहर विधायक भाटी धरना स्थल पर पहुंचे और पुलिस पर सोलर कंपनी को संरक्षण देने का आरोप लगाया। एसएचओ सत्यप्रकाश से नाराज होकर उन्होंने कहा - हद कर रहे हो आप लोग। खेजड़ी काटने वालों के साथ बैठ रहे हो। किसानों के साथ कोई नहीं है।

एसएचओ ने जवाब में कहा कि कंपनी का ऑफिस बंद कराना उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। इस पर विधायक ने फिर कहा - तो कौन करेगा बंद? मैं कराऊं बंद? कराऊं? एसएचओ बोले - आपका विवेक है, आपकी इच्छा है। इस पर भाटी और ज्यादा नाराज हो गए और बोले - दिमाग खराब कर रखा है, दादागीरी कर रहे हो। बंद करो ये ऑफिस।

विवाद सिर्फ थाना इंचार्ज से ही नहीं, प्रशासन के अन्य अधिकारियों से भी रहा। विधायक भाटी ने शिव के नायब तहसीलदार अनंत गौड़ से भी कड़ी बहस की। उन्होंने सवाल किया कि इतनी बड़ी संख्या में खेजड़ी के पेड़ दफनाए जा रहे थे, तब आपका विभाग क्या कर रहा था? क्या आपको पता है कितने पेड़ कटे हैं? रिपोर्ट 3 दिन में आनी थी, 4 महीने में लाए हो। ग्रामीणों को रिपोर्ट की कॉपी दी क्या? कंपनी से कुछ मिल गया क्या? जब विधायक ने कार्यक्षेत्र से जुड़े सवाल पूछे तो नायब तहसीलदार जवाब नहीं दे सके। विधायक ने साफ कहा - अगली बार तैयारी से आइए।

इससे पहले 3 अगस्त की शाम रामसर डीएसपी मानाराम गर्ग जब धरना स्थल पहुंचे, तब भी विधायक ने कड़े तेवर दिखाए।

## भारतीय सेना को पाकिस्तान की किसी हिंसक कार्रवाई का जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा: सीडीएस जनरल अनिल चौहान



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि भारतीय सेना को पाकिस्तान द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के हिंसक कृत्यों का जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा।

पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से कभी भी बाज नहीं आता है। भारत के खिलाफ कुछ न कुछ पाकिस्तान की सरकारें और वहां की सेना साजिश रचती रहती है। ऐसे में भारतीय सेना के लिए सीडीएस ने कहा कि भारतीय सेना को पाकिस्तान को जवाब देने के लिए हमेशा तैयार रहना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को काफी जयादा नुकसान हुआ है। लेकिन इसके बावजूद वह कश्मीर में अशांति फैलाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ता है। भारतीय सेना के लिए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि भारतीय सेना को पाकिस्तान द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के हिंसक कृत्यों का जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। यहां एक कार्यक्रम में को संबोधित करते हुए सीडीएस ने कहा कि पाकिस्तान के पूर्ण-आयामी प्रतिरोध सिद्धांत को चुनौती देने की आवश्यकता है, तथा इस बात पर जोर दिया कि आतंकवादी पाकिस्तान के किसी भी हिस्से में छिप नहीं सकते।

वार्षिक 'ट्राइडेंट' व्याख्यान श्रृंखला के उद्घाटन सत्र में उन्होंने दोहराया कि सैन्य तैयारी अत्यंत उच्च स्तर की होनी चाहिए, चौबीसों घंटे और वर्ष के 365 दिन तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि युद्ध और शांति के बीच बहुत कम अंतर है, तथा कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि वे एक दूसरे में विलीन हो रहे हैं। सीडीएस ने कहा, हमें अपरंपरागत और परमाणु क्षेत्रों के बीच पारंपरिक अभियानों के लिए अधिक स्थान बनाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि आतंकवादी पाकिस्तान की धरती पर कहीं भी छिप नहीं सकते। जनरल चौहान ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय सेना के पास अत्यधिक दूरी पर स्थित स्थिर और गतिशील दोनों लक्ष्यों को भेदने की क्षमता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमें पाकिस्तान द्वारा की जाने वाली किसी भी हिंसात्मक कार्रवाई का जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा, चाहे वह राज्य के तत्वों द्वारा की जाए या राज्येतर तत्व द्वारा की जाए, और यह पहला मानदंड है।

# कौन हैं भाजपा की वह पूर्व प्रवक्ता? जिन्हें हाई कोर्ट जज बनाने की हुई सिफारिश; महाराष्ट्र में सवाल और बवाल

**मुंबई, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पिछले महीने की 28 जुलाई को दिल्ली, बंबई, कलकत्ता और कर्नाटक समेत 6 अलग-अलग हाई कोर्ट में न्यायाधीश पद के लिए कई अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की सिफारिश की। देश के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कॉलेजियम ने तीन अधिवक्ताओं आरती अरुण साठे, अजीत भगवानराव कडेथांकर और सुशील मनोहर घोडेश्वर का नाम बॉम्बे हाई कोर्ट में जज के लिए नामांकित किया है लेकिन आरती अरुण साठे



के नाम पर विवाद उठ खड़ा हुआ है।

महाराष्ट्र में विपक्षी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक और पार्टी सचिव रोहित पवार ने मंगलवार को साठे के नाम की सिफारिश पर सवाल उठाया है और कहा है कि न्यायपालिका स्वतंत्र और निष्पक्ष होनी चाहिए। उन्होंने एक्स पर एक स्क्रीनशॉट भी पोस्ट किया जिसमें बताया गया कि साठे सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़ी थीं और पार्टी की प्रवक्ता थीं।

**कौन हैं आरती अरुण साठे:**
बॉम्बे हाई कोर्ट की अधिवक्ता आरती अरुण साठे मुंबई भाजपा विधि प्रकोष्ठ की प्रमुख थीं, उन्हें फरवरी 2023 में महाराष्ट्र भाजपा का प्रवक्ता नियुक्त किया गया था। हालांकि, साठे ने करीब साल भर बाद ही जनवरी 2024 में व्यक्तिगत और व्यावसायिक कारणों का हवाला देते हुए इस पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उन्होंने 6 जनवरी, 2024 को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और मुंबई भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रमुख पद से भी इस्तीफा दे दिया। साठे के पास वकील के रूप में 20 से ज्यादा सालों का कार्य अनुभव है। वह मुख्य रूप से प्रत्यक्ष कर मामलों की विशेषज्ञ हैं। वह टैक्स विवादों, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (एसएटी) और सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के समक्ष मामलों के साथ-साथ बॉम्बे हाई कोर्ट के समक्ष वैवाहिक विवादों की मुख्य पैरवीकार रही हैं। संयोग से, साठे के पिता अरुण साठे भी एक जाने-माने वकील हैं। वे आरएसएस और भाजपा से जुड़े रहे हैं।

## पहले उदयनिधि अब कमल हासन सनातन पर बयान से भड़की भाजपा

**चेन्नई, एजेंसी।** अभिनेता कमल हासन की सनातन धर्म को लेकर की गई टिप्पणियों से विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने हासन की फिल्मों का बहिष्कार करने की अपील की है। साथ ही तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन की तरफ से 2023 में दिए गए बयान का भी जिक्र किया, जिसमें सनातन धर्म की तुलना डेंगू से की गई थी। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान हासन ने सनातन धर्म को लेकर विवादित बयान दे दिया था। तमिलनाडु भाजपा के पदाधिकारी अमर प्रसाद रेड्डी ने एक वीडियो मैसेज के जरिए कहा, पहले उदयनिधि स्टालिन थे। अब कमल है, जो सनातन धर्म को खत्म करना चाहते हैं। उन्हें सबक सिखाते हैं। उन्होंने कहा, मैं हर हिंदू से अपील करता हूं कि कमल की फिल्में ना देंगे, ओटीटी पर भी नहीं। अगर हम ऐसा करेंगे, तो ये ऐसे गैर जिम्मेदाराना बयान नहीं देंगे, जिससे लाखों हिन्दुओं की दुख होता है। मक्कल निधि मय्यम पार्टी के प्रमुख और राज्यसभा सदस्य हासन ने रविवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हृश्वश्वञ्ज ने बहुत से बच्चों को चिकित्सा शिक्षा तक पहुंच से वंचित कर दिया है और परीक्षा के इस नियम को बदलने की शक्ति केवल शिक्षा से ही आ सकती है। हासन प्रसिद्ध तमिल अभिनेता सूर्या के अगारम फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। हासन ने कहा कि नीट परीक्षा के खिलाफ इस युद्ध में, अगारम फाउंडेशन भी कुछ नहीं कर सकता और केवल शिक्षा ही बिना किसी अन्य हथियार के राष्ट्र को आकार दे सकती है।

## ये 10 भारतीय क्रिकेटर्स कभी भी कर सकते हैं संन्यास का ऐलान, वापसी अब लगभग नामुमकिन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट में प्रतिस्पर्धा इतनी तीव्र हो चुकी है कि एक बार टीम से बाहर हुए खिलाड़ी के लिए वापसी की राह बेहद कठिन हो जाती है. कुछ खिलाड़ी शानदार घरेलू प्रदर्शन से वापसी कर लेते हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं जिनके लिए टीम इंडिया का दरवाजा लगभग हमेशा के लिए बंद हो जाता है. यहां हम बात कर रहे हैं उन 10 भारतीय क्रिकेटरों की, जिनकी राष्ट्रीय टीम में वापसी अब लगभग असंभव मानी जा रही है.

### हनुमा विहारी

हनुमा विहारी ने 2021 के सिडनी टेस्ट में साहसी बल्लेबाजी कर टीम को ड्रॉ दिलाया था, लेकिन इसके बाद से उन्होंने कोई भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है. 2022 के बाद चयनकर्ताओं ने उन्हें पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है.उनका भारतीय टीम में वापसी करना अब न के बराबर है.

### युजवेंद्र चहल

35 साल के हो चुके चहल फिलहाल दो साल से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं. उनके स्थान पर युवा स्पिनर्स को प्राथमिकता दी जा रही है. उम्र और हालिया फॉर्म को देखते हुए भारतीय टीम में उनकी वापसी अब मुश्किल लग रही है.

### अजिंक्य रहाणे

टीम इंडिया के पूर्व उपकप्तान रह चुके रहाणे को अब घरेलू टूर्नामेंट्स में भी लगातार अनदेखा किया जा रहा है. दिलीप ट्रॉफी जैसी प्रतियोगिताओं में भी उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला, जिससे यह साफ है कि अब उनकी टीम में वापसी की संभावना बेहद कम है.

### चेतेश्वर पुजारा

भारत के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा अब कमेंट्री करते नजर आ रहे हैं. उनकी क्रिकेट के मैदान से दूरी और उम्र को देखते हुए ऐसा माना जा रहा है कि वो कभी भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर सकते हैं.

### विजय शंकर

विजय शंकर 2019 की वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का हिस्सा थे, लेकिन बीच टूर्नामेंट में ही चोट के बाद वो बाहर हो गए थे. उसके बाद शंकर टीम में वापसी नहीं कर सके. विजय शंकर घरेलू स्तर पर भी प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं और अब भारतीय टीम में वापस चयन से दूर हो चुके हैं.

### जयदेव उनादकट

34 वर्षीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने 2010 में भारत के लिए डेब्यू किया था और 2023 में भारत की ओर से कुछ मुकाबले भी खेले थे, लेकिन बाद में वो टीम से फिर से बाहर हो गए थे. आज के समय में भारतीय टीम में युवा पेसर्स की भरमार के बीच उनकी जगह बनना अब मुश्किल है.

### अमित मिश्रा

42 साल के मिश्रा ने भले ही अब तक इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा नहीं की है, लेकिन उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2017 में खेला था. भारतीय टीम में उनकी वापसी की संभावना न के बराबर है.

### मनीष पांडे

मनीष पांडे 2021 के बाद से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं. घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन औसत रहा है, जिससे चयनकर्ता उन्हें टीम में दोबारा मौका नहीं दे रहे.

### हर्षल पटेल

हर्षल पटेल आईपीएल में विकेट जरूर लेते हैं, लेकिन उनकी इकोनॉमी रेट हमेशा से चिंता का विषय रहा है. टीम इंडिया में इस समय तेज गेंदबाजों की लंबी कतार है, जिससे टीम में उनकी वापसी मुश्किल दिखती है.

### दीपक हुड्डा

10 वनडे और 21 टी20 मैच खेलने के बाद से दीपक हुड्डा 2 साल से टीम से बाहर चल रहे हैं. आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन कुछ खाल नही रहा है, जिसके चलते उन्हें दोबारा टीम इंडिया में मौका मिलना मुश्किल लगता है.

**एशिया कप 2025 से पहले**

# जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की होगी अग्नि परिक्षा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में संपन्न एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारतीय टीम की सफलता के बाद जहां मेहमान टीम ने श्रृंखला 2-2 से बराबर कर ली थी, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड अब अपने प्रमुख खिलाड़ियों का ध्यान रखना चाहता है। खास बात यह है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह का एशिया कप से पहले परीक्षण किया जा सकता है।

हाल के दिनों में भारत के लिए सबसे खास श्रृंखलाओं में से एक में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने शानदार प्रदर्शन किया। बुमराह 5 में से केवल तीन मैचों में ही खेले, लेकिन सिराज ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और पांचों टेस्ट में हिस्सा लेते हुए 185 से ज़्यादा ओवर फेंके और 23 विकेट लिए। पिछले दो महीनों में इतने ज्यादा कार्यभार को देखते हुए बीसीसीआई अब 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप से पहले इन दोनों खिलाड़ियों पर ध्यान दे रहा है। रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई अब यह सुनिश्चित करना चाहता है कि दोनों तेज गेंदबाज एक महीने के ब्रेक के दौरान पूरी तरह फिट रहें।

उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चयन बैठक से पहले उनकी फिटनेस का आकलन किया जाएगा, जो अगस्त के अंत में होनी है। गौरतलब है कि एशिया कप 9 सितंबर से शुरू होगा जबकि भारत अपना पहला मैच 10 सितंबर को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ खेलेगा, जबकि फाइनल 28 सितंबर को होना है। केवल 6 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच होने हैं, लेकिन इसके बावजूद बीसीसीआई कोई जोखिम नहीं लेना चाहता, क्योंकि एशिया कप के तुरंत बाद भारतीय टीम 2 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी।

**कैनेडियन ओपन:**

## टॉसन ने कीज को हराया, सेमीफाइनल में ओसाका से भिड़ेंगी



**मॉन्ट्रियल, एजेंसी।** क्लारा टॉसन ने कैनेडियन ओपन में मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन मैडिसन कीज पर 6-1, 6-4 से जीत हासिल कर 2025 के अपने दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टॉसन को पहला सेट जीतने में सिर्फ 27 मिनट लगे। दूसरा सेट टॉसन के लिए ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा। इगा स्वियाटेक और मैडिसन कीज पर लगातार जीत के साथ क्लारा टॉसन ने अपने सातवें डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। टॉसन का अगला मुकाबला चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा, जिन्होंने 10वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। ओसाका ने स्वितोलिना को आठ मैचों में पांचवीं बार हराकर अपने करियर में पहली बार कैनेडियन ओपन सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कुल मिलाकर, इस जीत के साथ ओसाका छठी बार डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। मियामी ओपन 2022 के बाद यह उनका पहला सेमीफाइनल है। टॉसन के साथ अपने सेमीफाइनल मुकाबले के बारे में बात करते हुए, ओसाका ने कहा, वह वाकई बहुत मजबूत हैं। मैंने इस साल ऑकलैंड में उनके साथ खेला था और चोटिल होने के कारण मुझे बीच में ही मैच रोकना पड़ा था। इसलिए, मैं बहुत खुश हूं कि मैं स्वस्थ हूं और मुझे उम्मीद है कि देखने आने वाले सभी लोगों के लिए यह एक अच्छा मैच होगा। ओसाका और टॉसन का सेमीफाइनल मुकाबला उनके करियर का दूसरा मुकाबला होगा। टॉसन ने इस साल की शुरुआत में ऑकलैंड में अपना पहला मैच जीता था। उस मैच में, ओसाका को पहला सेट 6-4 से जीतने के बाद रिटायर होना पड़ा था।

**Chennai Grand Masters:**

## एक दिन के लिए स्थगित हुआ चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट, इस कारण लेना पड़ा फैसला

**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट में भारत और अंतरराष्ट्रीय सहित कई दिग्गज खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह इस टूर्नामेंट का तीसरा संस्करण है।

चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट को एक दिन के लिए स्थगित किया है और अब इसका आयोजन बुधवार के बजाए गुरुवार को होगा। आयोजकों को यह फैसला इसलिए लेना पड़ा क्योंकि जिस होटल में इसे होना है वहां आग लग गई। चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट में भारत और अंतरराष्ट्रीय सहित कई दिग्गज खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह इस टूर्नामेंट का तीसरा संस्करण है।

भारतीय ग्रैंडमास्टर और टूर्नामेंट के निदेशक श्रीनाथ नारायण ने एक्स पर लिखा, पिछली रात होटल में आग लग गई जहां चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स होना था। सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं और उन्हें पास के एक अन्य होटल में भेजा गया है। टूर्नामेंट एक दिन के लिए स्थगित किया जाता है। खिलाड़ियों को अंततः होटल वापस लाया गया, लेकिन सुरक्षा जांच के बाद टूर्नामेंट एक दिन बाद शुरू होगा।

### समय में नहीं होगा बदलाव



चेसबेस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई के होटल हयात रीजेंसी के नौवें तल्ले पर आग लग गई जिस कारण पूरे होटल में धुआं छा गया और सभी को होटल से बाहर निकाला गया। इस दौरान वहां सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बताया कि मैच का समय वही रहेगा, लेकिन अब कार्यक्रम से रेस्ट डे हटाया गया है। उन्होंने कहा, समय वही रहेगा और टूर्नामेंट 15 अगस्त को ही समाप्त होगा। बीच में एक दिन का विश्राम था और अब वह कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है।

चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स की पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये है। इस प्रतियोगिता में भारत के नंबर एक खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी, अनुभवी विदित गुजराती और नीदरलैंड के अनीश गिरी जैसे नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विश्व के पांचवें नंबर के खिलाड़ी एरिगेसी अपने अभियान की शुरुआत अमेरिका के अवॉन्डर लियांग के खिलाफ करेंगे। पहली बार इसमें मास्टर्स और चैलेंजर्स वर्ग में क्लासिकल राउंड रॉबिन प्रारूप में नौ से अधिक दौर खेले जाएंगे। इससे पहले दो सत्र में सात दौर ही खेले जाते थे। इसमें 19 ग्रैंडमास्टर्स भाग लेंगे और फिडे सर्किट अंक भी मिलेंगे जो 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह पाने के लिए अहम होंगे।

## Asia Cup 2025: शुभमन गिल, साई सुदर्शन, यशस्वी जायसवाल एशिया कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की रेस में शामिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल के अलावा यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम में जगह बनानने की दौड़ में शामिल हैं जो 9 सितंबर से शुरू होगा। भारत को सितंबर के अंत हमें वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेना है, लेकिन इसके बावजूद ये तीनों खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के लिए टीम में जगह बनाने की रेस में शामिल हैं। एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान अगस्त के तीसरे सप्ताह में किया जा सकता है। हालांकि गिल और यशस्वी ने व्यस्त शेड्यूल की वजह से पिछले कुछ टी20 सीरीज में भारत के लिए नहीं खेले थे, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद वो एशिया कप के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। बीसीसीआई के सूत्रों के मुताबिक टीम इंडिया के सेलेक्टर्स ने विकल्प खुले रखे हैं। एशिया कप का फाइनल मैच 28 सितंबर को खेला जाएगा जबकि इसके लगभग एक सप्ताह के अंदर ही वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज शुरू हो जाएगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगा।

## क्या मोहम्मद शमी की टेस्ट क्रिकेट में वापसी अब मुश्किल हो गई है?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी लंबे समय से टेस्ट क्रिकेट से बाहर चल रहे हैं। भारत और इंग्लैंड सीरीज के बाद क्या उनकी टेस्ट क्रिकेट में वापसी होगी। इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। मोहम्मद शमी वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद इंजरी की वजह से एक साल से अधिक समय तक क्रिकेट से दूर रहे। फिट होने के बाद उन्होंने घरेलू क्रिकेट में तीनों फॉर्मेट में खेला। उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था और इसी वजह से उन्हें टी20 और फिर वनडे फॉर्मेट में जगह दी गई। वह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में उनकी वापसी अभी तक नहीं हो पाई है। न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज, ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज, इंग्लैंड टेस्ट सीरीज तीन ऐसे मौके थे, जब शमी की टेस्ट में वापसी हो सकती थी। लेकिन चाहे फिटनेस का कारण रहा हो या युवाओं को अधिक मौके देना, शमी भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं बना पाए। हाल के मैचों में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने युवा तेज गेंदबाजों को अहमियत दी है। इंग्लैंड दौरे के लिए आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज और प्रसिद्ध कृष्णा को मौका दिया गया। इंग्लैंड दौरे पर रवाना होने से पहले मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने स्पष्ट किया था कि शमी 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं। उनके साथ कुछ समस्याएं हैं। टीम प्रबंधन ने शमी को लेकर जोखिम लेने से मना कर दिया। नतीजन, युवाओं को इंग्लैंड में मौका मिला और उन्होंने इसे भुनाने की पूरी कोशिश की। इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा ने शानदार गेंदबाजी की। आकाश दीप ने बर्मिंघम टेस्ट और प्रसिद्ध कृष्णा ने द ओवल टेस्ट में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। कृष्णा ने तीन टेस्ट में 14, आकाश दीप ने 3 टेस्ट में 13 विकेट लिए। बुमराह और सिराज टेस्ट में लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सिराज ने 5 मैचों में 23 विकेट लिए, जो सीरीज में सर्वाधिक रहे। वहीं बुमराह ने भी 3 मैच में 14 विकेट लिए। सवाल ये है जसप्रीत बुमराह, सिराज की मौजूदगी और आकाश दीप और कृष्णा के चमकदार प्रदर्शन के बाद क्या अब भी **शमी की टेस्ट टीम में वापसी संभव है?**

शमी की वापसी होगी या नहीं, इसका जवाब तो बीसीसीआई दे सकती है। लेकिन, कुछ चीजें हैं, जो फिलहाल इस तेज गेंदबाज के पक्ष में नहीं दिखती। शमी के साथ इंजरी की समस्या रहती है। वह 3 सितंबर को 35 साल के हो जाएंगे। टेस्ट क्रिकेट में टीम इंडिया मैनेजमेंट युवा तेज गेंदबाजों को प्राथमिकता दे रही है, जो मौका मिलने पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में फिटनेस, उम्र शमी के पक्ष में नहीं है, साथ ही युवा गेंदबाजों से कड़ी प्रतिस्पर्धा भी है।

# बांग्लादेश के बाद अफगानिस्तान ने भी किया संभावित टीम का ऐलान




### एशिया कप 2025 के लिए खेला बड़ा दांव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के बाद अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप 2025 के लिए शुरुआती टीम चुन ली है, जिसमें 22 खिलाड़ियों के नाम हैं। साथ ही बोर्ड के अधिकारी ने कहा कि स्टार लेग स्पिनर राशिद खान की खराब फॉर्म को लेकर चिंता नहीं है। टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि जल्द ही वह फॉर्म में वापसी कर लेंगे। एसीबी ने 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले आगामी एशिया कप के लिए राशिद की अगुवाई में 22 सदस्यीय प्रारंभिक टीम की घोषणा की है।

राशिद ने इंडियन प्रीमियर लीग के बाद मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क के लिए मेजर लीग क्रिकेट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। उनका प्रदर्शन काफी खराब रहा। उन्होंने गुजरात टाइटंस के लिए 9.34 की इकॉनमी रेट और 57.11 की औसत से सिर्फ 9 विकेट लिए थे। एसीबी की चयन समिति के सदस्य मीर मुबारिज ने क्रिकबज से कहा- राशिद खान अफगानिस्तान के सुपरस्टार खिलाड़ी हैं। उन्होंने हमेशा टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। फॉर्म में होना या खराब होना खेल का हिस्सा है, लेकिन वह अच्छी तरह जानते हैं कि कैसे मजबूती से वापसी करनी है और टीम और देश के लिए बड़े टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करना है। यूएई में अफगानिस्तान करेगा एशिया कप की तैयारी, पाकिस्तान के साथ ट्राई सीरीज

बोर्ड त्रिकोणीय टी20 सीरीज में भाग लेने से पहले दो हफ्ते का तैयारी शिविर आयोजित करेगा, जिसमें यूएई और पाकिस्तान शामिल हैं। इस सीरीज के बाद अफगानिस्तान एशिया कप फोकस करेगा, जिसमें उसके ग्रुप में हॉन्गकॉन्ग, बांग्लादेश और श्रीलंका हैं। मुबारिज ने कहा- हमने त्रिकोणीय सीरीज और एशिया कप से पहले तैयारी शिविर के लिए एक प्रारंभिक टीम की घोषणा कर दी है, जहां नए खिलाड़ियों की जांच कोचिंग स्टाफ और कप्तान दोनों प्रशिक्षण और तैयारी शिविर के दौरान करेंगे।

## द हंड्रेड: 45 गेंदों में 0 रन, खेल शुरू होते ही हीरो बने राशिद खान, वॉर्नर-विलियमसन की टीम का काम तमाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नए सीजन का आगाज राशिद खान की हीरोपंती के साथ हुआ है. 5 अगस्त को लंदन स्पिरिट और ओवल इन्विंसिबल के बीच मुकाबले के साथ द हण्ड्रेड का आगाज हुआ, जिसमें राशिद खान ने अपने नाम के मुताबिक कमाल किया. बल्लेबाजों को नाच नचा देने वाली राशिद खान की गेंदों का ही नतीजा रहा कि मेंस कैटेगरी में खेला द हण्ड्रेड का पहला मैच लो-स्कोरिंग रहा. इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि टीम में वॉर्नर-विलियमसन जैसे बल्लेबाजों के होने के बावजूद लंदन स्प्रिट ने 45 गेंदें बर्बाद की. मतलब, उन पर कोई रन ही नहीं बनाए. अब ऐसे में ओवल इन्विंसिबल को जो टारगेट मिला, वो इतना छोटा रहा कि उसे चेज करना उनके लिए आसान हो गया. पहले बैटिंग



करने उतरी लंदन स्पिरिट का हाल इतना बुरा रहा कि 45 गेंदें तो उसने डॉट खेली हीं, उसके अलावा उससे अपनी इनिंग की पूरी 100 गेंदें भी नहीं खेली गई. लंदन स्प्रिट की पारी सिर्फ 94 गेंदों में ही सिमट गई. इन 94 गेंदों में उसने सिर्फ 80 रन बनाए. लंदन स्प्रिट को डेविड वॉर्नर और केन विलियमसन से उम्मीदें थीं मगर उन दोनों की कहानी 9-9 रन से आगे नहीं बढ़ सकी. लंदन स्पिरिट की इस हाल के जिम्मेदार वैसे तो ओवल इन्विंसिबल के सारे गेंदबाज रहे. मगर राशिद खान और सैम करन की भूमिका इसमें कुछ ज्यादा रही.

द हण्ड्रेड के नए सीजन का खेल शुरू होते ही राशिद खान हीरो बन गए. ओपनिंग मैच में उन्होंने अपने कोटे की 20 गेंदों में जितने रन नहीं दिए, उससे ज्यादा गेंदें डॉट फेंकी. उन्होंने 20 गेंदों में सिर्फ 11 रन देकर 3 विकेट चटकाए. इस दौरान 15 गेंदें उन्होंने डॉट फेंकी.

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आपदा प्रबंधन अंतर्गत इंसिडेंट रेस्पांस सिस्टम विषय पर प्रशिक्षण सम्पन्न



**रायसेन (निप्र)।** कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ह्यूमन एण्ड नेचर डेवलेपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से आपदा प्रबंधन अंतर्गत इंसिडेंट रेस्पांस सिस्टम आईआरएस विषय पर प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के प्रारंभ में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि समय पूर्व तैयारियों और बेहतर प्रबंधन से आपदा से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है। आपदा आने पर त्वरित रूप से निर्णय लेने तथा शीघ्र राहत और बचाव कार्य शुरू करने के लिए कार्ययोजना और संसाधनों की उपलब्धता जरूरी है। अधिकारी पूरी गंभीरता से यह प्रशिक्षण प्राप्त करें और किसी भी प्रकार की शंका होने पर समाधान प्राप्त करें। प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, सहायक कलेक्टर श्री कुलदीप पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल के संयुक्त संचालक डॉ जॉर्ज व्ही जोसफ द्वारा जिले की प्राकृतिक तथा मानवनिर्मित आपदा संवेदनशीलता तथा खतरों का विवरण, तहसील और जिला स्तरीय इंसिडेंट रिस्पांस टीम के नामांकित अधिकारियों का आपदा राहत खोज एवं बचाव में दायित्व तथा जिम्मेदारियां, आईआरएस के माध्यम से आपदा राहत खोज एवं बचाव ऑपरेशन सम्पन्न करने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### प्रधानमंत्री जन सुरक्षा, जीवन ज्योति, अटल पेंशन योजनाओं से ग्रामीणजन हो रहे रुबरु



**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशन में राष्ट्रीयकृत बैंकों एवं आरोह फाउंडेशन के समन्वय से जिले की ग्राम पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज ग्राम पंचायत डंगरवाडा में शिविर लगाया गया जिसमें ग्रामीणों को बताया गया कि प्रधानमंत्री जन सुरक्षा एवं जीवन ज्योति योजना में 2/2 लाख के बीमा कवर को 1.5 रुपए से भी कम प्रतिदिन की प्रीमियम राशि जमा कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। शिविरों के माध्यम से विभाग का अमला कृषकों एवं ग्रामीण जनों से सीधा संवाद करते हुए अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी विस्तार से कृषकों को बता रहे हैं तथा उनके द्वारा खरीफ में किन-किन फसलों को बहुतायत में बोया जा रहा है इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री फसल बीमा की जानकारी भी कृषकों को दी गई साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा उद्यानिकी के एमपीएफएसटीएस पोर्टल पर कृषकों के पंजीयन की कार्यवाही भी पूर्ण की जा रही है। उक्त शिविर में नोडल प्रभारी श्री रजत जैन कृषि विस्तार अधिकारी नटेरन, श्री सत्यम नेमा कृषि विस्तार अधिकारी नटेरन, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक से श्री पीयूष परिहार, आरोह फाउंडेशन से श्री बसंत यादव, अन्य खंडस्तरीय अधिकारीगण/कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### संभागायुक्त श्री तिवारी ने भौंरा स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**बैतूल (निप्र)।** संभागायुक्त श्री के.जी.तिवारी ने सोमवार को वरिष्ठ संयुक्त संचालक स्वास्थ्य श्री सुरेश बोध के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रभौंरा का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भर्ती नव प्रसूताओं से सीधे संवाद कर चिकित्सकों, नर्सों एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति व उनके व्यवहार की जानकारी ली। निरीक्षण के समय चिकित्सा स्टाफ की अनुपस्थिति पाए जाने पर श्री तिवारी ने गहरी नाराज़गी जताई और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), बैतूल को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस पर सीएमएचओ डॉ मनोज हुरमाड़े ने संबंधित नर्सिंग ऑफिसर और एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा एक बैठक आयोजित कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रत्येक शुक्रवार और मंगलवार को चिकित्सक की व्यवस्था सुनिश्चित की। इसके बाद कमिश्नर श्री तिवारी ने ग्राम पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया और ई-केवाईसी कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्रगति को असंतोषजनक पाया और पंचायत सचिव को एक सप्ताह के भीतर सुधार लाने के निर्देश दिए।

### राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जांच शिविर आयोजित

**सीहोर (निप्र)।** राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय में जांच शिविर आयोजित किया गया। इस जांच शिविर में 137 व्यक्तियों की हेपेटाइटिस बी एंड सी, एचआईवी सिफलिस आदि की जांच की गई।

# विद्यार्थियों के नामांकन में कम प्रगति पर सभी बीईओ का 7 दिवस वेतन काटे जाने के निर्देश दिए

## जिले में हर घर तिरंगा अभियान दो चरणों में होगा आयोजित



**बैतूल (निप्र)।** कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को समय सीमा की बैठक में केन्द्र एवं राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की अति महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र हितग्राहियों को मिले यह सुनिश्चित किया जाए। सभी विभाग योजनाओं में लक्ष्य को हासिल करें और विभागीय वसूली में प्रगति लाए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने शिक्षा विभाग में निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, निशुल्क साइकिल वितरण तथा कक्षा 9 वीं, 10वीं तथा 12वीं के विद्यार्थियों के नामांकन प्रगति की ब्लॉकवार समीक्षा की। योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कम प्रगति मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी बीईओ का 7 दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि जिले में निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, नामांकन तथा साइकिल वितरण की प्रगति का सतत निरीक्षण करें। इसके अलावा उन्होंने स्कूलों के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र वितरण किए जाने की भी विस्तृत समीक्षा कर सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि बीईओ के माध्यम से विद्यार्थियों के आवेदन प्राप्त कर जाति प्रमाण पत्र बनाए जाए। पीएम आवास योजना 2.0 की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिले में अपूर्ण आवासों की राशि हितग्राहियों से वसूल किए जाने के निर्देश सभी तहसीलदार, नायाब तहसीलदार को दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 6 अगस्त को कलेक्ट्रेट सभागार में शिविर लगाएं जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन, बैतूल एसडीएम श्री मकसूद अहमद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**सभी विभागीय कर्मचारियों और परिजनों के सुरक्षा बीमा कराने के दिए निर्देश :** कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा जनधन खाते की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, जनपद पंचायत और शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके अधीनस्थ सभी कर्मचारियों और उनके परिवारजनों का जीवन ज्योति बीमा तथा सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कराया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सरकारी योजनाएं तभी प्रभावी बनती हैं जब हर पात्र व्यक्ति तक उनका लाभ समय पर और व्यवस्थित रूप से पहुंचे। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे न केवल स्वयं जागरूक रहें, बल्कि अपने अधीनस्थों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

**विद्यार्थियों के लिए लगाए जाएंगे विशेष शिविर :** कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैठक में शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग एवं जेएच कॉलेज के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के जनधन खाते तत्काल खोले जाएं।

कलेक्टर ने विशेष रूप से एलडीएम और जिला शिक्षा अधिकारी को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जिन विद्यार्थियों के अभी तक बैंक खाते नहीं खुले हैं, उनकी सूची शिक्षकों के माध्यम से तैयार की जाए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि शिक्षा केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक समावेशन भी इसका अहम हिस्सा है। विद्यार्थियों के जनधन खाते खुलने से भविष्य में संचालित होने वाली छात्रवृत्ति, बीमा और पेंशन जैसी योजनाओं का भी लाभ मिल पाएगा।

### समय पर प्रकरणों का निराकरण न करने पर 5 हजार अर्थदंड लगेगा

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैठक में राजस्व विभाग की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी तय समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं करता है, तो उस पर 5 हजार का अर्थदंड लगाया जाएगा। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लंबित प्रकरणों की सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े मामलों को लंबित रखना प्रशासन की जवाबदेही को प्रभावित करता है, इसलिए सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

### स्टॉप डायरिया कैंपेन अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में चलाए जा रहे स्टॉप डायरिया कैंपेन अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि फील्ड कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर 16 अगस्त तक शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हो। अभियान के दौरान ओआरएस वितरण प्रभावित न हो यह सुनिश्चित किया जाए।

# जनसुनवाई कार्यक्रम में 225 आवेदन प्राप्त हुए



**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के द्वारा हरेक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से आवेदको की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। मंगलवार पांच अगस्त को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 225 आवेदको के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। जनसुनवाई कक्ष में मौके पर 69 आवेदनो का निराकरण किया गया है शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश उल्लेखित विभागो के अधिकारियों को दिए गए है। कलेक्ट्रेट के भूतल स्थित जनसुनवाई कक्ष के समीप स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार केम्प के अलावा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्यो का भी संपादन किया जा रहा है। मंगलवार को आधार सेन्टर में 10 आयुष्मान कार्डो के संदर्भ में स्टॉल के माध्यम से कार्य संपादित किया गया है जिसमें मुख्यतः नाम परिवर्तन, नाम, पता परिवर्तन तथा नवीन आयुष्मान कार्ड जारी करने के कार्य किए गए है। वहीं स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत चिकित्सको के द्वारा 25 नागरिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया है।

### फार्मर आईडी

जनसुनवाई कक्ष के समीप फार्मर आईडी की सुविधाएं भी कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के द्वारा की जा रही विशेष पहल के तहत मुहैया कराई गई है। उक्त काउंटर पर पटवारी के द्वारा आने वाले आवेदको से संवाद कर उन्हें फार्मर आईडी की जानकारी उपयोगिता, और महत्वता से अवगत कराया जा रहा है वहीं ऐसे किसानबंधु जिन्हें पता नहीं है कि उनकी फार्मर आईडी बनी है कि नहीं का परीक्षण कर अवगत कराया जा रहा है। काउंटर के माध्यम से अब तक 24 किसानो की नवीन फार्मर आईडी बनाने की प्रक्रिया संपादित की गई है जबकि 46 किसानो को उनकी फार्मर आईडी अपडेट करने की प्रक्रिया संपादित की गई है। आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार, संयुक्त कलेक्टर द्वय सुश्री निकिता तिवारी, श्रीमती शशि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर श्री संतोष बिटौलिया, जिला पंचायत सीईओ के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों के द्वारा आवेदनो का निराकरण मौके पर किया गया है।



# जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम जमोनिया तालाब का किया निरीक्षण

**सीहोर (निप्र)।** जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने एक बगिया मां के नाम परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से ग्राम जमोनिया तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना के तहत भूमि आवंटन के लिए सिपरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से सैंपल के रूप में स्वयं सर्वे किया और हितग्राही का चयन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एनआरएलएम के डीपीएम श्री दिनेश बर्फा ने बताया कि एक बगिया मां के नाम परियोजना का उद्देश्य अधिक से अधिक पौधारोपण करना हे। इसके तहत सिपरी सॉफ्टवेयर एप के माध्यम से जिले के अलग-अलग स्थानों पर भूमि एवं हितग्राहियों का सर्वे कर चयन किया जा रहा है और भूमि तथा हितग्राहियों का चयन कर एनआरएलएम और मनरेगा द्वारा अधिक से अधिक फलदार पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए कृषि सखियों एवं स्व सहायता समूह की दीदियों के खेतों को चयनित किया जाएगा।

परियोजना के तहत जिले में 500 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें स्व सहायता समूह की महिलाओं को लाभ होगा। निरीक्षण के दौरान सीहोर जनपद सीईओ श्रीमती नमिता बघेल, डीपीएम श्री दिनेश बर्फा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# छात्रों को बताये गए डेंगू से बचने के उपाय

**विदिशा (निप्र)।** फैमिली हेल्थ इंडिया के तत्वाधान व जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टीकाराम शर्मा के नेतृत्व में गोदरेज के सहयोग से चल रही एम्बेड परियोजना अंतर्गत शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय चौपड़ापुरा विदिशा में आयोजित कार्यक्रम में मच्छरों से उत्पन्न होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी और बीमारी के लक्षण व बचाव के उपाय बताए गए। छात्रों को बताया गया कि वे अपने घर एवं मोहल्ले में पानी जमा न होने दें आस पास का वातावरण स्वच्छ रखें एवं बुखार आने व लक्षण दिखने पर तुरंत जाँच कराएं व अपील की गई कि वे अपने आसपास के क्षेत्र में डेंगू व मलेरिया से बचाव हेतु मच्छरदानी का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। साथ ही रहवासियों को जनजागरुकता के माध्यम से एवं पोस्टर बैनर के माध्यम से डेंगू और मलेरिया के प्रति जागरूक किया गया है, इसके साथ ही ग्रह- ग्रह भ्रमण एवं सामुदायिक बैठक के माध्यम से लोगों को डेंगू एवं मलेरिया के प्रति जागृत किया जा रहा है, ताकि समुदाय के लोग अपने- अपने घरों की स्वयं निगरानी करें, एक हफ्ते से ज्यादा पानी जमा ना होने दें।

पानी की टंकी एवं फ्रिज की ट्रे को समय-समय पर जांच करते रहें,हर हफ्ते में एक बार पानी अवश्य बदले और घर में किसी को बुखार आने की स्थिति में तुरंत ही सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सालय जाकर खून की जांच कराएं, डेंगू और मलेरिया संक्रामक रोग हैं, जो मच्छरों के काटने से होते हैं, इसलिए मच्छरों को काटने से खुद को बचाना जरूरी है। मच्छरों से बचाव के लिए और खुद को और दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए सही कदम उठाएं। कार्यक्रम में फैमिली हेल्थ इंडिया की टीम , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विद्यालय स्टाफ व प्रधानाध्यापक श्रीमति आशा रैकवार मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने अशासकीय स्कूलों के निरीक्षण के अधिकारियों को दिए निर्देश

**सीहोर (निप्र)।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने अशासकीय स्कूलों की फीस प्रतिपूर्ति के संबंध में अधिकारियों को स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री बालागुरू के. द्वारा जारी निर्देशानुसार जिला शिक्षा केन्द्र सीहोर द्वारा पोर्टल पर फीस प्रतिपूर्ति के लिए एन्ट्री की गई है जिसका अनुमोदन कर फीस प्रतिपूर्ति की कार्यवाही की जाना है।

# मूंग उपार्जन के सापेक्ष किसानों को शीघ्र किया जाए भुगतान : सोनिया मीना



**नर्मदापुरम (निप्र)।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए की किसानों द्वारा उपार्जित की गई मूंग का भुगतान समय पर किया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अब तक जितनी मात्रा में मूंग की खरीदी की गई है, उसके सापेक्ष भुगतान प्रक्रिया में कोई गैप बरखा जाए। उपार्जन समिति सुनिश्चित करें कि भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, तथा उपार्जित मूंग का शीघ्र भुगतान किया जाए। बैठक के दौरान उपसंचालक कृषि श्री जे आर हेडाऊ द्वारा जानकारी दी गई की अब तक कुल 71621 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की गई है जिसमें से 58477 किसानों से 183211.62 एमटी मूंग की खरीदी की जा चुकी है।

कलेक्टर सुश्री मीना ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी किसान उपार्जन प्रक्रिया के दौरान अपनी उपज विक्रय करने से वंचित न रहे। उन्होंने उपखंड स्तरीय समितियों को निर्देशित किया कि वे उपार्जन केंद्रों की आवश्यक व्यवस्थाओं का निरंतर निरीक्षण करें एवं किसी भी समस्या का शीघ्र समाधान करें तथा सुगमता से उपार्जन की पूरी प्रक्रिया संपन्न करें। कलेक्टर ने यह निर्देश भी दिए की जिला स्तरीय उपार्जन समिति सदस्य भी नियमित रूप से उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करें तथा केंद्रों पर समस्याओं का समाधान करें।

उन्होंने कहा कि उपार्जन प्रक्रिया के शेष दिवसों में विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सहकारी समितियां से खाद एवं उर्वरक के सुचारु वितरण किए जाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि विशेष रूप से जिले के ऐसे स्थान जहां पर किसानों को खाद की उपलब्धता काम हो ऐसे स्थान पर समिति के माध्यम से खाद वितरण करवाया जाए। साथ ही उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि खाद की कालाबाजारी पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। किसी भी स्थिति में कालाबाजारी तथा अमानक खाद विक्रय स्वीकार्य नहीं किया जाएगा इसके लिए संबंधित अधिकारी नियमित जांच करें।

# सागौन की अवैध कटाई और परिवहन करने पर आरोपी गिरफ्तार



**रायसेन (निप्र)।** कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार तथा वनमण्डलाधिकारी सामान्य रायसेन श्रीमति प्रतिभा शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले में वनोपज की अवैध कटाई और परिवहन करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। उपवनमण्डलाधिकारी सामान्य सिलवानी श्री इन्दर सिंह बारे के सहयोग से वन परिक्षेत्र जैथारी अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर दिनांक 02 अगस्त को प्रातः लगभग 04:15 बजे ग्राम शालावर्स में एक महिन्द्रा बोलेरो मेक्सिट्रक प्लस पिकअप वाहन एमपी13जी ए6019 में सागौन इमारती 19 नग को अवैध परिवहन करते हुए वन अमले द्वारा पीछा कर रोककर वनोपज के संबंध में पूछताछ की गई। अपराधियों द्वारा उक्त वनोपज को जंगल से काटकर लाना बताया गया।

अवैध रूप से सागौन परिवहन करते हुए पाये जाने पर तत्काल मौके पर 01 वाहन महिन्द्रा बोलेरो मेक्सिट्रक प्लस पिकअप सागौन ईमारती नग - 19 एवं 01 मोटर साईकिल हीरो पैशन प्रो रजिस्ट्रेशन नम्बर एमपी49जेडडी6397 एवं आरोपी ईराश खॉन आ0 हनीफ खॉन निवासी झिरीयाखेडा, तहसील केसली जिला सागर की निशानदेही पर एक मोटर साईकिल हीरो पेसन एक्सप्रो सीजी15सीएल1580की जप्ती की कार्यवाही की गई। मौके से 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया और बाकी आरोपी रात्रि मे अंधेरा का फायदा उठा कर फरार हो गया। इसके पश्चात् आरोपी के बताये अनुसार पप्पू खॉन (सलीम) निवासी खमरिया तहसील सिलवानी जिला रायसेन के यहां सर्च वारन्ट लेकर घर पर तलाशी ली गई, जिसमें उसके नवनिर्मित मकान मे सागौन चिरान 28 नग 0.204 घ.मी. वनोपज को जप्त किया गया। अज्ञात वाहन में जप्ती की कार्यवाही कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 46317/2 दिनांक 02 अगस्त 2025 जारी प्रकरण में की गई कार्यवाही में एक पिकअप वाहन, दो मोटर साईकिल एवं सागौन ईमारती नग 47 घन मीटर 1.817 को जप्त कर विवेचना में लिया गया। वन अपराध प्रकरण में जप्त मोटर साईकिल एमपी49जेडडी6397को वन अमले द्वारा शालाबरू से रेंज कार्यालय जैथारी लाया जा रहा था जिसको पप्पू खॉन (सलीम) निवासी खमरिया तहसील सिलवानी जिला रायसेन द्वारा अपने दो अन्य सहयोगियों के साथ वन स्टाफ पर हमला करके छीन लिया गया। जिसके संबंध में पुलिस थाना सिलवानी में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस कार्यवाही में उप वनम ण्डलाधिकारी सामान्य सिलवानी श्री इन्दर सिंह बारे, वन परिक्षेत्राधिकारी जैथारी श्री रोहित पटैल, चौकी प्रभारी जैथारी श्री अरविंद पाण्डेय परिक्षेत्र सहित वनरक्षक एवं सुरक्षा श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### स्तनपान के महत्व पर व्याख्यान का आयोजन

**विदिशा (निप्र)।** विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में आज शासकीय महाविद्यालय विदिशा के गृह विज्ञान विभाग एवं एनएसएस इकाई द्वारा स्तनपान के महत्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. बी.डी. अहिरवार द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों की सक्रिय उपस्थिति की सराहना करते हुए स्तनपान की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में जिला चिकित्सालय, विदिशा की पोषण प्रशिक्षक डॉ. स्वाति शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे सभी भावी माताएं हैं और यदि वे आज से ही अपने आहार एवं स्वास्थ्य का ध्यान रखें, तो भविष्य में स्वस्थ शिशु को जन्म देकर एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकती हैं।

स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. - 8770932048